नये जमाने के साथ..

यश भारत

● वर्ष- 17 अंक 85- ● जबलपुर ● गुरुवार, 27 अप्रैल, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख शुक्ल पक्ष 8 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935

जबलपुर में आज का मौसम

गुरुवार सुबह का तापमान

19.2 डिसे सामान्य से 6 डिसे कम

दोपहर 12 बजे तक

27 डिसे

आज भी तेज हवा के साथ बूंदाबांदी के आसार

जो बाइडन की चेतावनी- तो उत्तर कोरिया का अंत निश्चित

वॉशिंगटन, एजेंसी। दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने मिलकर उत्तर कोरिया के अंत की चेतावनी दी है. राष्ट्रपति जो बाइडन और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल ने कहा है कि अगर उत्तर कोरिया हमला करता है तो इसकी प्रतिक्रिया विनाशकारी होगी यानी अगर वह अपने स्वयं के शस्त्रागार का उपयोग करता है तो उसे परमाणु प्रतिक्रिया और वहां के शासन के अंत का सामना करना पड़ेगा. ओवल ऑफिस वार्ता के बाद बाइडन ने यून के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दक्षिण कोरिया के लिए अमेरिकी सुरक्षा कवच है।

खरगोन में लोकायुक्त का छापा

करोड़ों का आसामी निकला पटवारी

4.50 लाख नगदी , सोने-चांदी के आभूषण, एलआइसी की पालिसी मिली

■ खरगोन, यशभारत।

इंदौर की लोकायुक्त टीम ने खरगोन के पटवारी जितेंद्र सोलंकी के यहां कार्रवाई की। लोकायुक्त टीम ने पटवारी के गौरीधाम स्थित मकान सहित एक साथ चार ठिकानों पर कार्रवाई की जा रही है। आय से अधिक संपत्ति के मामले में टीम ने यह कार्यवाई की। प्रारंभिक जांच में पटवारी के पास करोड़ों की संपत्ति होना पाया गया है। पटवारी के घर में 4.50 लाख रुपये नगदी के अलावा सोने-चांदी के आभूषण, एलआइसी की पालिसी भी है। इसके अलावा पटवारी की इंदौर में छह दुकानों के अलावा चंदन नगर में मकान भी है।पटवारी का इंदौर के चंदन नगर में छह दुकान, इंदौर में एक फ्लैट, खरगोन के राधा वल्लभ मार्केट में एक दुकान, ईश्वरी नगर में तीन मंजिला मकान, एक चार पहिया वाहन, मूलठान और मोघन में कृषि भूमि के साथ गोगांवा में दुकान भी है। इंदौर लोकायुक्त डीएसपी संतोष भदौरिया और प्रवीण बघेल के नेतृत्व में 22 सदस्यीय टीम द्वारा एक-साथ आय से अधिक संपत्ति को लेकर चार स्थानों पर कार्रवाई की जा रही है। पटवारी जितेंद्र सोलंकी गोगांवा तहसील के हल्का नंबर 36 में है पदस्थ है। टीम की कार्रवाई जारी है और अभी भी करोड़ों की संपत्ति का खुलासा हो सकता है।

सीबीआई ने एफसीआइ के दो कर्मचारियों को 40 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया

सीबीआई की चार सदस्यीय टीम ने बुधवार को भारतीय खाद्य निगम (एफसीआइ) भोपाल के दो कर्मचारियों को 40 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। दोनों तकनीकी सहायक के पद पर कार्यरत हैं। इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। इन्होंने वेयर हाउस संचालक से उसका गोदाम भरने और अधिक से अधिक समय तक वहां अनाज रखे जाने के एवज में रिश्वत ली थी। आरोपित कर्मचारी तकनीकी सहायक ग्रेड-एक अभिषेक पारे और तकनीकी सहायक ग्रेड-तीन गौरीशंकर मीणा हैं। सीबीआई सूत्रों ने बताया कि आरोपितों ने इसके लिए कुल एक लाख पांच हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। बातचीत के बाद शुरू में 50 हजार रुपये देने की रजामंदी हुई थी। दोनों कर्मचारियों ने यह धमकी भी दी थी की रिश्वत नहीं दी तो गोदाम में भरने के लिए अनाज नहीं दिया जाएगा, जिससे व्यापारी को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। इसके बाद वेयरहाउस मालिक ने 17 अप्रैल को 10 हजार रुपये की रिश्वत दी थी। व्यापारी ने इसकी शिकायत सीबीआइ भोपाल इकाई को की थी। बुधवार को सीबीआइ एएसपी अतुल हजेला के नेतृत्व में निरीक्षक सतीश बरवाल, अभिषेक सोनेकर, सुनील गुप्ता और उप निरीक्षक सुभाष तोमर ने इन कर्मचारियों की घेराबंदी ही। दोपहर में कर्मचारियों ने वेयरहाउस संचालक को होशंगाबाद रोड स्थिति शनि मंदिर के पास रिश्वत के लिए बुलाया। जैसे ही कर्मचारियों ने 40 हजार रुपये लिए तो सीबीआइ टीम ने उन्हें पकड़ लिया। आरोपितों के कार्यालय और घर की तलाशी भी ली जा रही है।

जबलपुर में भी कार्यवाही,दस्तावेज जब्त

उधर, जबलपुर के इंडियन इंस्टीट्यूट आफ इनफार्मेशन टेक्नोलाजी डिजाइन एवं मैन्युफैक्चरिंग में बुधवार को सीबीआई की आठ सदस्यीय टीम ने छापा मारा। तीन करोड़ रुपये के कंप्यूटर खरीदी घोटाले की शिकायत के बाद टीम ने यहां से दस्तावेज जब्त किए। यहां से हार्डडिस्क भी जब्त की गई है।

कान्हा टाइगर रिजर्व में अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला

वन्यजीवों के संरक्षण में चुनौती पर तीन दिन मंथन करेंगे विशेषज्ञ

■ मंडला, यशभारत।

मध्य प्रदेश में वानिकी अनुसंधान के वर्ष का शतक पूरा होने पर कान्हा टाइगर रिजर्व में गुरुवार से तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में वन्यजीव जनसंख्या प्रबंधन, वन्यजीव आवास पारिस्थितिकी, वन्यजीव नीति के मुद्दे-चुनौतियां और मानव वन्यजीव संघर्ष और समाधान जैसे तकनीकी विषयों पर देश-विदेश के विशेषज्ञ मंथन करेंगे। कार्यशाला आज से 29 अप्रैल तक चलेगी। कार्यशाला का शुभारंभ दोपहर 3 बजे राज्यपाल मंगू भाई पटैल करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। उल्लेखनीय है कि 27 मार्च 2022 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यशाला आयोजित करने को कहा था। कार्यशाला में वन्यजीव विशेषज्ञ एवं कान्हा टाइगर रिजर्व व भारतीय वन्यजीव प्रबंधन संस्थान के पहले संचालक पद्मभूषण डाक्टर एचएस पवार सहित दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के वन्यजीव विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं।सूचना का अधिकार कार्यकर्ता अजय दुबे ने कार्यशाला में जनजातीय प्रतिनिधियों को नहीं बुलाने पर आपत्ति उठाई है। उन्होंने इस संबंध में राज्यपाल मंगुभाई पटेल से शिकायत की है। पटेल ने वन विभाग के अपर मुख्य सचिव जेएन कंसोटिया को लिखा है कि दुबे द्वारा उठाए गए बिंदुओं पर कार्यवाही करें। दुबे ने कहा है कि प्रदेश की 21 प्रतिशत आबादी आदिवासी समाज से है और जंगल पर उनका अधिकार है। उनसे सामंजस्य बनाए बगैर वन्यजीवों के संरक्षण के बारे में नहीं सोचा जा सकता है। उन्होंने आपत्ति की है कि वन्यजीवों के संरक्षण में जुटे इस समाज के लोगों को आमंत्रित नहीं करना असंवैधानिक और अपमानजनक है।

मंडला में मुख्यमंत्री करेंगे 224 करोड़ से अधिक लागत के लोकार्पण एवं भूमिपूजन

मंडला यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज निवास (देवरीकला) में आयोजित मुख्यमंत्री लाड़ली बहना महासम्मेलन तथा मुख्यमंत्री भू-अधिकार आवासीय पत्रों के वितरण कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस दौरान 224 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे।

धार में हत्या के आरोपित का एनकाउंटर, पुलिस टीम पर किए फायर, जवाबी कार्रवाई में हुआ घायल

■ धार, ईएमएस।

बसंत विहार कॉलोनी में हुए सनसनीखेज हत्याकांड में फरार चल रहा आरोपी को पुलिस ने मांडू रोड पर देलमी के समीप गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने के दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर फायर किए। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी आरोपी पर फायर किए जिससे एक गोली आरोपी के पैर में लगी है। आरोपी दीपक को गंभीर अवस्था में धार के निजी चिकित्सालय भिजवाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही एसपी मनोज कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे हैं। जानकारी के अनुसार आरोपी दीपक ने बसंत विहार कॉलोनी में युवती की गोली ताबड़तोड़ गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस की चार टीमें घाटाबिल्लोद, पीथमपुर और इंदौर में तलाश कर रही थी। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी मांडू रोड के देलमी के समीप समीप छुपा हुआ है। सीएसपी देवेंद्र सिंह धुर्वे टीम के साथ आरोपी को पकड़ने के लिए रवाना हुए। पुलिस टीम को देख आरोपी ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी कार्रवाई में पुलिस भी फायरिंग की जिससे एक गोली युवक के पैर पर लगी है। आरोपी को गंभीर अवस्था में धार के निजी चिकित्सालय भिजवाया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

रेसलर्स के हक में आज जंतर-मंतर पहुंचेंगी खापें

■ रेवाड़ी, एजेंसी।

भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ धरना दे रहे पहलवानों के समर्थन में आज हरियाणा और पश्चिमी क्ककी खाप पंचायतें दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहुचेंगी। आज इन रेसलर्स के धरने का पांचवां दिन है। दिल्ली पुलिस को बृजभूषण के खिलाफ यौन शौषण की शिकायत देने और उन्हें गिरफ्तार करने की मांग कर रहे पहलवानों में शामिल ओलंपियन विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पुनिया ने खापों से साथ देने की अपील की थी। इसके बाद आज खाप नेता जंतर-मंतर पहुंच रहे हैं। ख्ख्क्क सांसद बृजभूषण सिंह के खिलाफ लगातार राजनीतिक पार्टियों के नेता, किसान और खाप प्रतिनिधि इन पहलवानों का समर्थन करने पहुंच रहे हैं। हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी यूपी में खाप नेता पहलवानों के घर जाकर उनके परिवार को भी लड़ाई लड़ने का भरोसा दिला रहे हैं। किसान नेता राकेश टिकैत के अलावा उत्तर भारत की सबसे बड़ी खाप पंचायत पालम-360 के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी समेत हरियाणा की तमाम खापें पहलवानों के हक में आ चुकी हैं।

किडनी फेल होने से मौत की कगार पर थी महिला...

डॉक्टरों ने भी खड़े किए हाथ तभी पालतू कुत्ते ने बचा ली जान

■ लंदन, एजेंसी।

किडनी फेल होने की वजह से एक महिला मौत की कगार पर थी. डोनर नहीं मिल रहा था. डॉक्टरों ने भी हाथ खड़े कर दिए. तभी पालतू कुत्ते ने कुछ ऐसा किया कि उस महिला की जान बच गई। ब्रिटेन की रहने वाली लुसी हम्फ्री को कुछ दिन पहले ही किडनी की समस्या आई थी. वह डॉक्टर के पास गई तो डॉक्टरों ने कहा-उनका किडनी फेल कर गया है। ल्यूपस से भी वह पीड़ित हैं और ज्यादा दिन तक जिंदा नहीं रह सकतीं. बचने के लिए सिर्फ किडनी ट्रांसप्लांट ही एक उपाय है. लूसी ने हामी भर दी. लेकिन किडनी डोनर नहीं मिल रहा था. क्योंकि हम्फ्री को जिस मैच की किडनी चाहिए थी वह 2.2 करोड़ लोगों में से किसी एक का ही होता है. हम्फ्री जिंदगी के अंतिम दिन गिन रही थीं।

रेयरेस्ट डोनर ढूंढ लाया इंडी

दिनभर वह अपने पालतू कुत्तों जेक और इंडी के साथ बिताती थीं. एक दिन वह दोनों को लेकर समुद्र के किनारे गई थीं, तभी इंडी सूंघते-सूंघते एक महिला के पास पहुंच गया. हम्फ्री बुलाती रहीं लेकिन वह महिला को छोड़ने के लिए तैयार नहीं था. हम्फ्री वहां गई और केटी जेम्स नाम की इस महिला से माफी मांगी. यहीं से दोनों के बीच बातचीत शुरू होने लगी. केटी उन्हें एक दुकान पर ले गई और कोल्डड्रिंक खरीदा लेकिन हम्फ्री ने पीने से मना कर दिया. उन्होंने जेम्स को अपने किडनी की समस्या बताई. यह भी बताया कि उन्हें डोनर नहीं मिल रहा है।

जय बदरीविशाल...जयकारों से गूंजी देवभूमि, बर्फबारी के बीच कपाट खुले

■ बदरीनाथ, एजेंसी।

देवभूमि उत्तराखंड में गुरुवार की सुबह जय बदरीविशाल की जयकारों के साथ हुई। भगवान बदरीनाथ के कपाट खुलने के मौके पर भव्य नजारा देखने को मिला। धाम में आस्था का सैलाब उमड़ा। बर्फबारी और कड़ाके की ठंड के बावजूद हजारों श्रद्धालु कपाटोद्घाटन के पावन क्षण के साक्षी बने। भक्तों के लिए भगवान बदरीनाथ के द्वार खुलने के साथ ही अब चारधाम यात्रा ने भी रफ्तार पकड़ ली है। आज बृहस्पतिवार प्रातः 7 बजकर 10 मिनट पर कपाट खुलने के इस पावन मौके पर अखंड ज्योति के दर्शन करने के लिए सैकड़ों श्रद्धालु धाम पहुंचे तो यात्रा पड़ावों पर चहल-पहल भी शुरू हो गई है। कपाट खुलने के दौरान धाम में करीब 20 हजार तीर्थयात्री पहुंचे। कपाटोद्घाटन के लिए टिहरी राजा के प्रतिनिधि के रूप में माधव प्रसाद नौटियाल भी धाम में मौजूद रहे। वहीं बदरीनाथ यात्रा को लेकर तीर्थयात्रियों में भी उत्साह और उल्लास का माहौल है।

11वीं का छात्र दे रहा था बीएससी की परीक्षा कॉलेज में मास्क उतरवाया तो खुली पोल

■ नई दिल्ली, एजेंसी।



सीहोर में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। बीएससी की परीक्षा देने 11वीं कक्षा का छात्र मास्क पहनकर पहुंच गया। शक होने पर मास्क हटवाया तो परीक्षक भी चौंक गए। पूछताछ में पता चला कि चचेरे भाई की शादी है और पिछले दिनों परिवार में गमी हो गई थी, इसलिए भाई की जगह वह परीक्षा देने आ गया। मामला चंद्रशेखर आजाद नोडल कॉलेज का है। फर्जी छात्र को कॉलेज प्रबंधन ने पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने छात्र से पूछताछ की तो उसने खुद को 11वीं कक्षा का छात्र बताते हुए कहा कि वह उसके चचेरा भाई की जगह परीक्षा देने कॉलेज पहुंचा है। उसके चचरे भाई की शादी है और पिछले दिनों परिवार में गमी हो गई थी, इसलिए भाई की जगह वह परीक्षा देने आ गया। ज्ञात रहे कि इन दिनों कॉलेज परीक्षा दो पॉलियों में चल रही है। मंगलवार को बीएससी फाइनल का बॉटनी विषय का दूसरा पेपर था। रूम नंबर 62 में सभी परीक्षार्थी बैठ गए थे। परीक्षा 11 बजे से शुरू हो गई। इसके बाद ड्यूटी शिक्षक दीपक बकोदिया सहित अन्य ने सभी विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र और फोटो मिलान शुरू किया। जब परीक्षक दीपक बकोदिया महात्मा गांधी कॉलेज के छात्र दीपसिंह पिता सलम सिंह की टेबल पर पहुंचे तो वहां परीक्षा दे रहे छात्र और प्रवेश पत्र की फोटो में अंतर दिखा। उन्होंने जैसे ही छात्र का मास्क उतरवाया तो वह भौंचक रह गए। परीक्षा रिकॉर्ड के फोटो और वहां परीक्षा दे रहा छात्र अलग-अलग थे। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना परीक्षा कंट्रोल रूम को दी। कंट्रोल रूम प्रभारी प्रो. प्रमिला जैन इस छात्र को प्राचार्य के पास लेकर गई। जब प्राचार्य डॉ. सुमल रोहिला ने छात्र से पूछताछ की तो बार-बार अलग-अलग जवाब देता रहा। ऐसे में प्राचार्य डॉ. रोहिला ने कोतवाली पुलिस को सूचना कर छात्र को पुलिस के हवाले कर दिया। टीआई नलिन बुधोलिया ने बताया कि छात्र से पूछताछ की गई है। वह अव्यस्क है और 11वीं का छात्र है।

यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें

मो. 9407348995, 7999718732

बाहुबली सांसद आंनद मोहन जेल से आए बाहर DM की हत्या मामले में काट रहे थे उम्रकैद

■ पटना/सहरसा, एजेंसी।

बिहार के सहरसा जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां पूर्व सांसद एवं बाहुबली नेता आनंद मोहन आज जेल से रिहा हो गए हैं. मिली जानकारी के अनुसार गोपालगंज के तत्कालीन डीएम जी. कृष्णैया हत्याकांड मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आनंद मोहन आज अहले सुबह तीन बजे के करीब ही जेल से मुक्त हो गए हैं. ऐसे में भीड़ की आंशका को देखते हुए सहरसा कारा प्रशासन ने आनंद मोहन को सभी कागजी कारवाई करवाने के बाद जेल से मुक्त किया है। 1994 में गोपालगंज के तत्कालीन डीएम जी. कृष्णैया हत्याकांड मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे पूर्व सांसद व बाहुबली नेता आनंद मोहन सिंह को जेल से रिहा करने का आदेश जारी हुआ था. वहीं आनंद मोहन के साथ एक दर्जन जेलों में बंद 27 बंदियों को भी मुक्त करने का आदेश जारी किया गया था, जिसके बाद गुरुवार को आनंद मोहन जेल से बाहर आ गए हैं।

मप्र में फिर बदला मौसम

तेज आंधी-तूफान के साथ कई स्थानों पर हुई बारिश

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश में एक बार फिर मौसम में बदलाव हुआ है। इसके साथ ही प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में फिर से आंधी-बारिश का दौर शुरू हो गया है। बुधवार शाम को तेज हवाओं के साथ कई जगह जमकर बारिश हुई। राजधानी भोपाल, इंदौर, रायसेन, गुना, नीमच, रतलाम, जबलपुर, खरगोन के साथ ही सागर, इटारसी, अशोकनगर आदि शहरों में तेज बारिश होने की सूचना है। वहीं, गुना में आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई। भोपाल में इंदौर में भी बारिश शुरू हो गई। रायसेन में गरज चमक और आंधी के साथ तेज बारिश हुई। इसके अलावा दोपहर में गुना, रतलाम, नीमच, जबलपुर, खरगोन, इटारसी, अशोकनगर और सागर में भी पानी गिरा। वहीं, इटारसी में ओले गिरे। गुना में बिजली गिरने से महिला की मौत भी हो गई। हादसा विजयपुर थाना क्षेत्र के बृसंगपुरा गांव में हुआ। राजगढ़ में भी रात में बारिश शुरू होने लगी। उधर, मंदसौर जिले के पिपलियामंडी में बारिश के बीच पेड़ गिर गया। इस दौरान तेज हवा, गरज-चमक के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग की मानें से अलग-अलग स्थानों पर बनी मौसम प्रणालियों के असर से मध्य प्रदेश में मौसम का मिजाज फिर से बिगड़ गया है। बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से लगातार मिल रही नमी के कारण प्रदेश के सभी संभागों में बादल छा गए, साथ ही कहीं-कहीं बारिश भी हो रही है। बुधवार दोपहर बाद मौसम अचानक बदला और कई जगह बारिश हुई। इंदौर में रात होते-होते मौसम का मिजाज बदला और शहर में 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से तेज हवाएं चली। इसके बाद रात 9 बजे शहर में हल्की बूंदाबांदी भी हुई। बुधवार को दिन में भी हवाओं की गति तेज रही और दक्षिणी पश्चिमी हवाएं अधिकतम 20 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से चली। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटों के दौरान नर्मदापुरम, जबलपुर संभाग के जिलों में भी ओले गिरने की भी आशंका है। मौसम का इस तरह का मिजाज तीनङ्चार दिन तक बना रहने की संभावना है। बादल बने रहने के कारण अधिकतम तापमान में भी गिरावट बनी रहेगी। वरिष्ठ मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि हवाओं के साथ अरब सागर एवं बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही है। इस वजह से मध्य प्रदेश के सभी जिलों में बादल छा गए हैं। गुरुवार को भोपाल, नर्मदापुरम, इंदौर, सागर, रीवा, जबलपुर, शहडोल संभाग के जिलों में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। इस दौरान नर्मदापुरम एवं जबलपुर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं ओले गिरने की भी आशंका है।

छत्तीसगढ़ फिर नक्सली आतंक से दहला

रिटर्न रूट की जानकारी हुई लीक? एनकाउंटर से लौट रहा था 200 जवानों का काफिला

■ दंतेवाड़ा, एजेंसी।

बुधवार दोपहर में छत्तीसगढ़ एक बार नक्सली आतंक से दहल गया जब दंतेवाड़ा जिले में आईईडी ब्लास्ट में कम से कम 10 डीआरजी जवान और एक ड्राइवर की मौत हो गई। अरनपुर के पास घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने डीआरजी के वाहन में विस्फोट करने के बाद फायरिंग शुरू कर दी। जवानों को संभलने का मौका भी नहीं मिल सका और नक्ली अपने नापाक मंसूबों को अंजाम देने में कामयाब रहे। ये हमला तब हुआ जब डीआरजी की टीम एनकाउंटर से लौट रही थी। जानकारी के मुताबिक डीआरजी की टीम जिस रास्ते से लौट रही थी, उसकी जानकारी नक्सलियों को पहले से थी। इसी का फायदा उठाते हुए वे इस हमले को अंजाम देने में सफल रहे।

धमकी को नजरअंदाज किया, SOP भी फॉलो नहीं की

नक्सलियों ने कुछ दिनों पहले एक पत्र में सुरक्षा बलों पर हमला करने की धमकी दी थी. उनका दावा था कि वे स्थानीय लोगों का शोषण कर रहे हैं और उनके लिए समस्याएं पैदा कर रहे हैं. जाहिर है, बुधवार को छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में अरनपुर रोड पर जिला रिजर्व गार्ड के जवानों पर हुए हमले से पता चलता है कि चेतावनी को नजरअंदाज किया गया. तलाशी अभियान में किसी स्टेंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर का पालन नहीं किया गया. लगभग एक साल की शांति के बाद जिले में नक्सलियों द्वारा किए गए इस आईईडी विस्फोट में डीआरजी के 10 कर्मियों और एक नागरिक की मौत हो गई है. प्रोटोकॉल के मुताबिक सुरक्षा बल किसी ऑपरेशन के दौरान खुफिया इनपुट मिलने और रूट को अच्छे से परखने के बाद ही आगे बढ़ सकते हैं।

जबलपुर, मण्डला, भोपाल, कटनी, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित

प्राकृतिक पर्यटन स्थल के रूप में संग्राम सागर जनता को समर्पित



जबलपुर, यशभारत। रानीदुर्गावती एवं राजा संग्राम सिंह की धरोहर गोंडकालीन संग्राम सागर के सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण गत दिवस एक भव्य समारोह में सांसद राकेश सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि संग्राम सागर को जनता के लिए समर्पित करते हुए गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। इस दौरान उन्होंने कैफेटेरिया को भी लोकार्पित किया। सांसद राकेश सिंह ने कहा कि हम भाग्यशाली है कि मां नर्मदा की कृपा हम पर है और उनके तट पर हमने जन्म लिया है। हम दूसरे शहरों की तुलना में अपने को जल सम्पन्न मानते हैं। बावजूद इसके यह सच्चाई है कि जल का स्तर लगातार घट रहा है। उपयोग बढ़ रहा है। उस तुलना में हम जल का संरक्षण नहीं कर पा रहे थे। केवल पानी का खर्च कम करना ही उपाय नहीं है, बल्कि वर्षा के जल को रोककर उसे जमीन के अंदर पहुंचाने का कार्य भी आवश्यक है। हमारे पूर्वज दूरदृष्टा थे जिन्होंने ऐसी जलसंरचनाओं को बनाया जिससे जल का स्तर कम न हो सके। उन्होंने कहा जबलपुर के 52 ताल–तलैयों में से एक संग्राम सागर तालाब चारों ओर से पहाड़ियों से घिरे होने के कारण अत्यंत रमणीक स्थल है। संग्राम सागर तालाब पांच सौ वर्ष से ज्यादा प्राचीन है। यह हम सबकी धरोहर है, ऐसी धरोहरें कम होती हैं जिन्हें हम सहज कर रख सकते हैं।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष प्रभात साहू, विधायक अशोक रोहाणी, भाजपा के जिला ग्रामीण अध्यक्ष रानू तिवारी सहित आशीष दुबे, अखिलेश जैन, अंचल सोनकर, हरेन्द्रजीत सिंह बब्बू, सदानंद गोडबोले, डा. स्वाति गोडबोले, रिकुंज विज, कमलेश अग्रवाल, एसके मुद्दीन, अभिलाष पांडे, राममूर्ति मिश्रा, अरविंद पाठक, अश्वनी परांजपे, पंकज दुबे, रजनीश यादव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।।

दीपों से जगमगाया संग्राम सागर

संग्राम सागर के प्राकृतिक पर्यटन स्थल के रूप में लोकार्पित होने के बाद वहां उपस्थित जनसमुदाय ने बड़ी संख्या में दीप प्रज्वलित कर जल संरक्षण का संकल्प लिया।सांसद ने कहा कि संग्राम सागर को पर्यटन के मेगा सर्किट में शामिल कराया था ताकि इसे आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सके। इसके बाद तालाब के विकास की कार्ययोजना तैयार कर विकास कार्य प्रारंभ हुआ। केंद्र सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा एक करो? 22 लाख की राशि के साथ ही सांसद निधि से 30 लाख की राशि इसके विकास कार्य मे लगाई गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी जल संरक्षण के लिए चिंतित रहते हैं। हम सभी को उनकी ही तरह इस बारे में चिंता करनी होगी।

आशा–ऊषा कार्यकर्ता अब घेरेंगी सीएम हाउस

जबलपुर, यशभारत। वैतनिक एवं अन्य मांगों को लेकर क्रमिक भूख हड़ताल कर रही आशा–ऊषा कार्यकता अब आगामी 31 मई को सीएम हाउस का घेराव भी करेंगी। गांधी भवन स्थित आंदोलन स्थल पर 11 सदस्यीय जत्था भूख हडताल पर बैठा, जिसमें पूजा कनौजिया, प्रीति विश्वकर्मा, रजनी कनौजिया, दीपमाला, छाया मेश्राम, प्रियंका मेश्राम, सावित्री कोल, सीमा यादव, सरिता विश्वकर्मा, वंदना कुशवाहा, अनीता वर्मा शामिल रहीं। आंदोलन कर रही कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह क्रमिक भूख हडताल 29 अप्रैल तक जारी रहेगी। इसके बाद कार्यकर्ता जल–सत्याग्रह करेंगी और तीन मई को भोपाल में मुख्यमंत्री भवन का घेराव किया जाएगा।

ये हैं आंदोलनकारियों की मांगें

आशा–ऊषा एवं पर्यवेक्षकों की मांग है कि मिशन संचालक की अनुशंसा को लागू किया जाए। उनकी अनुशंसा के मुताबिक आशा–ऊषा को 10,000 एवं पर्यवेक्षकों को 15,000 रुपये मासिक वेतन प्रदान किया जाए। इसी प्रकार उन्हें भी व्यवस्था का अंग मानते हुए उनके लिए सरकारी अस्पतालों में विश्राम कक्ष की व्यवस्था की जाए। उल्लेखनीय है कि आशा–ऊषा कार्यकर्ता और पर्यवेक्षकों का आंदोलन करीब डेढ़ महीने से जारी है। एक मर्तबा वो दिल्ली के रामलीला मैदान पर भी प्रदर्शन कर आई हैं, लेकिन उनकी मांगों पर सरकार की ओर से ध्यान नहीं दिए जाने की वजह से इन महिलाओं ने क्रमिक भूख भूख हड़ताल शुरू कर दी है। रात बारह बजे भी इन कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन जारी रहा। इनका कहना रहा कि वो डटी रहेंगी, मोर्चे से नहीं हटेंगी। महिलाओं के आंदोलन को ध्यान में रखते हुए धरना स्थल पर पुलिस के कुछ अधिकारी भी पहुंचे, जिन्होंने धरने पर बैठी महिलाओं से चर्चा की और उन्हें रात में घर जाने की सलाह दी गई लेकिन धरने पर बैठीं महिलाओं ने अपनी हट नहीं छोड़ी।

रादु विवि की घोषणा से बलिदानियों के आश्रितों राहत नहीं देना होगा शुल्क

जबलपुर,यशभारत। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय ने शहीद बलिदानियों के आश्रितों को शुल्क में माफ करने का आदेश जारी कर दिया है। शिक्षण सत्र 2023-24 से इसे अमल में लिया जाएगा। इसका आदेश कुलसचिव डॉ. दीपेश मिश्र ने जारी कर दिया है। बताया गया है कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा बलिदानी घोषित मृत कर्मियों के आश्रितों को निश?शुल्क पढ़ाने का प्रस्ताव दिया गया था, साथ ही रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय स्तर पर लेने वाले सभी तरह के शुल्क माफ करने की बात कही गई थी। यदि आश्रित विश्वविद्यालय के शिक्षण विभाग में अध्ययन करता है तो उससे शिक्षण शुल्क के साथ परीक्षा शुल्क भी नहीं लिया जाएगा। इसके अलावा यदि बलिदानी के आश्रित किसी कालेज में अध्ययन करेगा तो विश्वविद्यालय स्तर पर लिए जाने वाले शुल्क में माफी दी जाएगी। यह आदेश जारी कर इस पर अब मुहर लगा दी गई है। इस आदेश का पालन इसी सत्र से किये जाने की बात कही गई है। कुलसचिव दीपेश मिश्रा ने कहा कि देश के लिए बलिदान देने वाले वीरों के लिए विश्वविद्यालय की तरफ से एक सहयोग देने का प्रयास किया गया है।

तो तीन मई से नहीं करेंगे चिकित्सीय कार्य, सीएमएचओ को ज्ञापन

जबलपुर, यशभारत। चिकित्सक महासंघ के आव्हान पर प्रदेशभर से तमाम चिकित्सक तीन मई से चिकित्सीय कार्य बंद कर देंगे। डीएपीसी समेत अन्य मांगों को लेकर महासंघ द्वारा लंबे समय से आंदोलन किया जा रहा है। महासंघ के बैनर तले चिकित्सकों के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को सीएमएचओ डा. संजय मिश्रा से मुलाकात की और सरकार के नाम मांगों का ज्ञापन सौंपा। डा. पंकज ग्रोवर ने बताया कि विभिन्न मांगों को लेकर महासंघ द्वारा फरवरी माह में आंदोलन किया गया था। सरकार के आश्वासन के बाद 17 फरवरी को आंदोलन स्थगित कर दिया गया था। दो माह बाद भी डीएसीपी समेत अन्य मांगों को लेकर कोई भी विभागीय आदेश नहीं निकले गए। जिससे चिकित्सा शिक्षा व लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग के चिकित्सकों में रोष है। आंदोलन के अगले चरण में 17 अप्रैल से हर दिन वादा स्मरण दिवस मनाया जा रहा है। प्रशासन को रोजाना चिकित्सीय कार्य बंद आंदोलन की तारीख की जानकारी दी जा रही है। शासकीय चिकित्सालयों के नर्सिंग आफिसर समेत अन्य स्टाफ को भी इस आंदोलन से जोड़ा जाएगा।

श्रीमती राजकुमारी बाजपेई का निधन

जबलपुर । बशुंधरा कालोनी निवासी श्रीमती राजकुमारी बाजपेई का निधन हो गया है। वे रत्नेश रूपेश अभिषेक बाजपेई की माता थीं। ग्वारीघाट मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार सम्पन्न हुआ।

एक, दो के सिक्के बने जनता के लिए सिरदर्द

दुकानदार नहीं ले रहे बैंक भी कर रहे आनाकानी

जबलपुर, यशभारत। नगर व ग्रामीण इलाके में 1और 2 रुपए के सिक्के दुकानदार नहीं ले रहे हैं। मजबूरी में लोगों को बैंकों का रूख करना पड़ता है। बैंक भी यह रेजगारी जमा करने में आनाकानी कर रही है। इन सिक्कों को न तो विक्रेता लेते हैं और न ही वाहन चलाने वाले। जबकि भारतीय रिजर्व बैंक एवं एक्सचेंज से ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया है कि यह सिक्के बंद हों।

सिक्के अब जनता के लिए सरदर्द बन गए हैं। इस समस्या की ओर शासन और प्रशासन का ध्यान नहीं है। यही कारण है कि नगर में सरेआम 1और 2 रुपए का छोटा सिक्का व्यापारियों द्वारा नहीं लिया जा रहा है। जिसके चलते लोगों का यह पैसा व्यर्थ ही घरों में रखा हुआ है।

जबलपुर में आप 1 या 2 रुपए की कीमत वाली सामग्री नहीं खरीद सकते। ऑटो का किराया, शेविंग ब्लेड, चॉकलेट साथ ही अन्य छोटी-बड़ी जरूरत का सामान जो एक-दो रुपये में आता है उसे आप नहीं ले पाएंगे। रोजमर्रा की छोटी-छोटी जरूरतों के लिए जब आप किसी दुकान पर सामान खरीदने पहुंचते हैं तो दुकानदार सीधे ही भारत सरकार द्वारा जारी मुद्रा को लेने से इंकार कर देता है लोगों का कहना है कि ऐसी समस्या सिर्फ जबलपुर में है जहां भारतीय मुद्रा के तौर पर सिक्का नहीं चलता. ऐसे में यदि कोई एक, दो या तीन रुपए की सामग्री लेनी हो तो न चाहते हुए भी पांच या दस रुपए खर्च करने पड़ते हैं. समान भी जरूरत से ज्यादा लेना पड़ता है। लोग पिछले कई सालों से इस दिक्कत का सामना कर रहे हैं।

एक निजी बैंक के मैनेजर ने बताया कि नियम के मुताबिक यदि कोई व्यक्ति या दुकानदार भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी कोई सिक्का लेने से मना करता है तो वह जाने-अनजाने में जुर्म कर रहा है. यह अपराध की श्रेणी में आता है. यदि कोई व्यक्ति किसी भी सिक्के को जो चलन में है लेने से मना करता है तो उसके खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई जा सकती है. उसके खिलाफ भारतीय मुद्रा अधिनियम व आइपीसी की धाराओं के तहत कार्रवाई होगी.

इतना ही नहीं मामले की शिकायत रिजर्व बैंक में भी करने का प्रावधान है. भारतीय दण्ड संहिता की धारा 489 से 489अ के तहत किसी विधिक न्यायालय द्वारा आर्थिक जुर्माना, कारावास या दोनों का प्रावधान है. हालांकि सरकार और आरबीआई द्वारा इसके लिए समाधान भी दिया गया है. यदि आप शिकायत नहीं कर सकते और यदि आपके पास ढेरों सिक्के जमा हैं तो आप इन्हें डाकघर में जमा कराकर इनके बदले नोट ले सकते हैं. सिक्कों से आप डाकघर से कुछ भी खरीद सकते हैं।

रमनगरा जलशोधन संयंत्र में सुधार कार्य

कल सायंकालीन जलापूर्ति आंशिक रूप से प्रभावित रहेगी

जबलपुर, यश भारत। नगर निगम जल विभाग के प्रमुख कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि 28 अप्रैल को सीवर परियोजनांतर्गत तेवर में 29 एम.एल.डी. क्षमता के एस.टी.पी. के विद्युतीकरण कार्य के साथ-साथ रमनगरा वॉटर फिल्टर प्लांट में भी विद्युत उपकरणों के मरम्मत का कार्य किया जाना है। उक्त परिस्थिति को देखते हुए रमनगरा जलशोधन संयंत्र की विद्युत सप्लाई सुबह 8:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक बंद रहेगी। इस कारण रमनगरा प्लांट से होने वाली जलप्रदाय सायंकालीन आपूर्ति आंशिक रूप से प्रभावित रहेगी। उन्होंने बताया कि जिन क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति नहीं होगी वहां टेंकरों के माध्यम से नागरिकों को जलापूर्ति कराई जायेगी। उक्त अतिमहत्वपूर्ण कार्य के संपादन के चलते क्षेत्रीय लोगों को होने वाली असुविधा के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नूज्, जल प्रभारी एवं एम.आई.सी. सदस्य श्रीमति एकता गुप्ता एवं निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने खेद व्यक्त किया है।

उर्स शरीफ पर संदल शरीफ व चादर पौशी

जबलपुर यशभारत। खानकाहे औलिया रब्बानीया शराफाबाद आनंद नगर में मखदूमे मिल्लत हज़रत मौलाना सैय्यद वजूदूल कादरी रब्बानी रहमततुल्लाह अलेह के उर्स शरीफ पर संदल शरीफ व चादर पौशी की गई। ऑल इंडिया सुन्नी जमीयतुल उल्मा के सरपरस्त हजरत अल्लामा अल्हाज सैय्यद बरकात अहमद कादरी कौसर रब्बानी की सरपरस्ती में जुलूस निकालाज गया। हज़रत सूफी सैयद सिफात अहमद रब्बानी, हजरत अल्हाज सैयद शम्स रब्बानी ने कयादत फरमाई। पीरजादा सैयद मोहम्मद नूरी कादरी रब्बानी, पीरजादा सैय्यद अहमद जिलानी कादरी रब्बानी ने हाजरिन का इस्तकबाल किया।

दारूस्सलाम में हुआ ईदमिलन जन प्रतिनिधियों ने दी मुबारकबाद

जबलपुर , यशभारत। उपरैनगंज स्थित मुफ्तीए आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना मुहम्मद हामिद अहमद सिद्दीकी के निवास दारूस्सलाम मे ईद के मौके ईदमिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन की सरपरस्ती मुफ्ती ए आज़म म. प्र,. ने फरमाई।समारोह मे नायबे मुफ्तीए आजम मुशाहिद रज़ा कादरी, महापौर जगत बहादुर अन्नू सिंह, विधायक लखन घनघोरिया, विधायक विनय सक्सेना, हाजी कदीर सोनी, हामिद हुसैन, अमीन कुरेशी, ताहिर खान, गुड्डू नबी, एजाज उस्मानी मोहम्मद नूरुल्लाह खान सहित अन्य समाजसेवी व गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। सभी ने एक दूसरे को ईद की मुबारक दी और एकता प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया।

शासकीय महाकौशल महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग मंत्री द्वारा विश्व बैंक परियोजना अन्तर्गत भूमि पूजन का कार्यक्रम

जबलपुर, यश भारत। उच्च शिक्षा विभाग मंत्री डॉ मोहन यादव ने आज शासकीय महाकौशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में भूमि विस्तारीकरण का कार्य, डिजिटल स्टूडियो निर्माण, नवीन ब्लॉक निर्माण एवं शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में सुदृढीकरण एवं विस्तारीकरण कार्य के लिये भूमि पूजन किया। इस अवसर पर मंत्री डॉ यादव ने कहा कि रानी दुर्गावती की नगरी जबलपुर जिसे संस्कारधानी भी कहा जाता है आज शिक्षा के कार्य हेतु लगभग 30 करोड़ के भूमि पूजन का कार्य किया गया। उन्होंने बताया रॉझी कॉलेज का नाम स्वर्गीय ईश्वरदास रोहाणी जी के नाम से किया जाएगा। साथ ही कहा कि जमीन की सुरक्षा के साथ जमीन का उपयोग भी आवश्यक है और आने वाले समय में करीब 300 करोड़ रुपए की लागत से महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के मध्य बिल्डिंग का निर्माण कर आने वाले समय में विश्वविद्यालय का विस्तारीकरण किया जाएगा।

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK
ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE
KATANGA CROSSING
NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

तांडव
दर्द का जानी दुश्मन
गठियावात
कमर दर्द
जोड़ो का दर्द
सूजन
मासपेशीयों का दर्द
तांडव तेल
सभी प्रकार के वात रोगों में उपयोगी
TANDAV HERBAL PHARMACY Customer Care : +91 7974979179

AMOI THAI SPA
(ALL TYPES OF BODY MASSAGES)
CONTACT- 0761-4106211(M.) 9893051927
ADD- 2ND FLOOR, OPSSITE SAMDARIYA INN HOTAL ,
JAIN TOWER RASSEL CHOWK, NAPIER TOWN JBP (MP)

स्मिता गृह उद्योग
आप हमारे नये परिसर से सालभर रखने योग्य सभी प्रकार के मसाले (हल्दी, मिर्च, धनिया) आदि
नये पार्सल में पांच नये मसाले, अचार मसाला
पता: विजय नगर अहिंसा चौक, चौपाटी के सामने जबलपुर
(मो) 9425323934, 0761-2643638
रानीताल गढ़ाफाटक रोड शिवानी कॉम्पलेक्स जबलपुर (मो) 9425153638, 0761-2312695

हमारे प्रेरणास्त्रोत पत्रकार अरूण शुक्ला
आशीष कंसल्टेंसी
Email-ajayshukla2680@gmail.com
मो. 9425154156, 9826176903
नामांतरण, डायवर्सन, सीमांकन, बटवारा, वसीयतनामा इत्यादि
पता - आशीष ट्रांसपोर्ट बलदेव बाग जबलपुर

INDIA'S BIGGEST CONSUMER & HANDLOOM EXHIBITION
SOCIAL MEDIA PARTNER HAMARA Jabalpur
Gurleen MEGA TRADE FAIR
2 से 30 अप्रैल
TIMINGS: 4PM - 10PM
For More Info: 92155-56345 81031-02769
पोली पाथर सर्कस ग्राउंड, साउथ वेन्यू मॉल के पास, गोरीघाट रोड जबलपुर (म.प्र.)

एडमीशन ओपन
A name of Quality Education
यश नर्सरी हा.से. स्कूल
अधारताल/गोहलपुर जबलपुर
चुने यही स्कूल क्योंकि यहां से
- अधिकतम छात्र IIT/NEET/ICAR में सलेक्ट होते हैं।
- अत्याधुनिक स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, लैब, कम्प्यूटर लैब
- प्रतिवर्ष बोर्ड कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ परिणाम
- 10th/12th में परसेंट बढ़ाने CBSE/I CSE से एम.पी. बोर्ड में एडमीशन पर स्पेशल डिस्काउन्ट
इसी माह की पेपर कटिंग लाने पर स्पेशल डिस्काउंट
हॉस्टल एवं बस सुविधा उपलब्ध
30 अप्रैल तक Admission लेने पर वाहन सुविधा फ्री
लिमिटेड सीट
Mrs. Sonal Tiwari (Principal)
गुलाब टॉवर, स्टेट बैंक के पास अधारताल, मो. 7987974850, 6263988587, 0761-4020761
शंकर पटेल मार्केट, अमखेरा रोड, गोहलपुर चौक जबलपुर मो. 9111009016, 0761-4111321

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*।
फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)

विडंबना सघन बसाहट वाले क्षेत्रों में गोदाम और कारखाने

सुरक्षा के इंतजामों का पता नहीं, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान, कई बार भारी पड़ चुकी है ऐसी अनदेखी

जबलपुर, यशभारत। मौसम में बदलाव के साथ ही अग्नि हादसों का खतरा भी बढ़ गया है। दो दिन पूर्व रद्दी चौकी स्थित एक कबाड़ गोदाम में लगी आग ने इसके खुले संकेत भी दे दिए हैं कि सघन बसाहट वाले क्षेत्रों में अभी भी खतरा बरकरार है। कई हादसों के बाद भी बसाहट के बीच गोदाम और कारखाने संचालित हो रहे हैं। पड़ताल की गई तो यह बात सामने आई कि अधिकांश गोदाम और कारखानों में फायर सेफ्टी से संबंधित कोई इंतजाम नहीं है, यदि हादसा हुआ तो इसकी परिणीति भयावह भी हो सकती है। प्रबुद्धजनों का कहना है कि विशेषकर अति ज्वलनशील पदार्थों के गोदाम और कारखानों में अस्पतालों की तर्ज पर फायर सेफ्टी के नियम सख्ती से लागू किए जाने चाहिए।

हादसों से नहीं लिया सबक

उल्लेखनीय है कि 1 अगस्त 2022 को दमोहनाका के समीप स्थित एक निजी अस्पताल में आग लगने से 8 लोगों की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद राज्य सरकार ने अस्पतालों में फायर सेफ्टी के नियम सख्त कर दिए गए हैं। इसके बाद 9 दिसंबर 2022 को मक्का नगर की घनी बस्ती में फर्नीचर, प्लायवुड और गैस सिलेंडर के गोदाम में आग लग चुकी है। यहाँ पर सैकड़ों लीटर थिनर और गैस सिलेंडर रखे हुए थे। क्षेत्रीय लोगों ने जान जोखिम में डालकर गैस सिलेंडरों को बाहर निकाला था। 24 जनवरी 2023 को मक्का नगर में रजाई गद्दों के कारखाने में आग लग गई थी। इस घटना में एक महिला और उसकी 5 वर्षीय बेटी की मौत हो गई थी लेकिन लगातार हो रहे हादसों से जिम्मेदारों ने कोई सबक नहीं लिया।

अग्नि सुरक्षा के इंतजाम नहीं

अधिकांश कारखाने और गोदाम में अग्नि सुरक्षा के इंतजाम नहीं हैं। जानकारों का कहना है कि इससे छोटी सी भी आग विकराल रूप धारण कर लेती है अग्नि हादसों में देखा गया है कि सुरक्षा के इंतजाम नहीं होने से आग ने गंभीर रूप धारण कर लिया। इसलिए गोदाम और कारखानों में सुरक्षा का इंतजाम होना आवश्यक है। इस संबंध में नगर निगम को ज्ञापन भी सौंपा जा चुका है।

नगर निगम से अनुमति लेना अनिवार्य

मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम (कारखानों एवं व्यापारों का नियमन) के अनुसार सघन बसाहट वाले क्षेत्रों में कारखाने और गोदाम का संचालन करने के लिए अनुमति लेना अनिवार्य है। जानकारों का कहना है कि किसी भी कारखाने और गोदाम संचालक ने नगर निगम से अनुमति नहीं ली है।

इन क्षेत्रों में चल रहे गोदाम और कारखाने

शहर के मक्का नगर, मदार टेकरी मनमोहन नगर, ट्रांसपोर्ट नगर, बल्देवबाग, मुकादमगंज, अमखेरा और माढोताल क्षेत्र के सघन बसाहट वाले क्षेत्र में गोदाम और कारखानों का संचालन किया जा रहा है। इनमें प्लास्टिक, फर्नीचर, गैस सिलेंडर, रुई, पत्ती और पुढे के गोदाम शामिल हैं। यहाँ पर कई गोदामों में अति ज्वलनशील पदार्थ भी रखे जाते हैं। कई ऐसे मामले आ चुके हैं जिनमें इस तरह की लापरवाही भारी पड़ी है।

जबलपुर पुलिस ने छिंदवाड़ा से दुष्कर्म के आरोपी को दबोचा

17 साल की युवती से की ज्यादती

जबलपुर, यशभारत। गढ़ा थाना अंतर्गत एक 17 साल की किशोरी से बलात्कार का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। आरोपी, पीड़िता का रिश्तेदार है। जिसने प्रेम के जाल में किशोरी को फांसकर अपनी हवस का शिकार बनाया।

रिश्तेदार है आरोपी प्रेम के जाल में फांसा

जब यह बात परिवारजनों को पता चली तो उन्होंने आरोपी को छिन्दबाड़ा के एक गांव भगा दिया। यहां, अपने परिवारजनों के साथ थाने पहुंची पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, आरोपी को छिन्दबाड़ा से दबोच लिया है। जिससे सख्ती के साथ पूछताछ जारी है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र अंतर्गत एक किशोरी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि आरोपी युवक उसका रिश्तेदार है। जिससे उसका पूर्व में परिचय भी था। आरोपी ने पहले तो उसे प्रेम के जाल में फंसाया और फिर उसे घुमाने ले गया। जहां उसे बातों में फंसाया और फिर सूने घर में लाकर उसके साथ ज्यादती कर दी। उसने विरोध किया तो जान से मारने की धमकियां देते हुए उसका मुंह बंद करा दिया।

मुस्तैद पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

मामला दर्ज होने के बाद थाना प्रभारी गढ़ा राकेश तिवारी और टीम ने सायबर सेल की मदद से आरोपी का मोबाइल ट्रेक किया। जिसकी लोकेशन छिन्दबाड़ा में देखी गई। जहां एक गांव से आरोपी को दबोच लिया गया है। जिससे पूछताछ जारी है।

मध्यप्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में अब अधीक्षकों की नियुक्ति होगी परमानेंट आधार पर: हाईकोर्ट

नागरिक उपभोक्ता मंच द्वारा दायर जनहित याचिका का हाईकोर्ट ने किया पटाक्षेप

जबलपुर,यशभारत। मध्यप्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में अधीक्षक की नियुक्ति नियमित बेस पर होगी। अधीक्षकों का अप्वाइंटमेंट परमानेंट आधार पर किया जाएगा। मतलब प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में अधीक्षकों की नियुक्ति परमानेंट होगी। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने कोर्ट में दायर जनहित याचिका में यह आदेश जारी कर याचिका का पटाक्षेप कर दिया है। विदित हो कि अभी तक मप्र में कई मेडिकल कॉलेजों में इंचार्ज आधार पर अधीक्षक अपनी सेवाएं दे रहे थे।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2016 में नागरिक उपभोक्ता मंच के डॉ. पीजी नाजपांडे ने हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर करके मांग की थी कि मध्यप्रदेश में सभी मेडिकल कॉलेजों में अधीक्षक की नियुक्ति रेगुलर बेस पर की जाए। याचिका में मप्र शासन पर आरोप लगाया गया था कि मध्यप्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज में इंचार्ज व्यक्ति को टेंपररी तौर पर अधीक्षक के रूप में नियुक्त किया है जबकि अधीक्षक की नौकरी फुल टाइम की होती है। इस पर शासन ने भी कोर्ट में समय-समय पर जवाब प्रस्तुत किए थे और माना था कि प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में अधीक्षक की नियुक्ति नियमित तौर पर की जाए। जिसके बाद हाईकोर्ट ने फैसना सुनाकर जनहित याचिका का पटाक्षेप कर दिया।

भाई ने भाई को सिर में मारा डंडा : खून की फूटी धार

जबलपुर, यशभारत। गोरखपुर थाना अंतर्गत देर रात घरेलु विवाद के चलते सगे भाई में घरेलु विवाद हो गया। जिसके बाद आरोपी भाई ने सिर में डंडा मारकर भाई को बुरी तरह घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पीड़ित भाई का मुलाहजा करवाकर पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार नब्बू नफीस 23 साल ने पुलिस को बताया कि वह सेठी नगर में रहता है। देर रात अपने घर गया जहां उसका भाई आजाद मंसूरी मिला। जिससे उसका घरेलु बातों को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद आरोपी भाई ने जमकर गालीगलौच कर, उसके सिर में डंडा मारकर घायल कर दिया। पुलिस आरोपी को तलाश करने में जुटी है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर
लोककर्म विभाग (द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना)
N.I.T. NO. /PWD-e-Tendering/Pro- 64 Dated- 26/04/2023
पंजीकृत ठेकेदार / मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

क्र.	पैकेज/ कोड	कार्य का नाम	जिला	अनुमानित लागत (लाख में)	निर्माण अवधि (माह में)
1	सं.क्र. -11	वार्ड क्र. 79 दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड में पिपरिया में आशीष यादव जी विज्ञानशाला से घनेश (मुन्ना) यादव जी के घर तक रोड एवं नाली निर्माण कार्य (पार्षद अनुसंशा)	जबलपुर	रू. 4.11 लाख (चार लाख ग्यारह हजार रूपये मात्र)	03 माह
2	सं.क्र. -11	नया वार्ड क्र. 79 दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड में सोनपुर के बेदी मुहल्ला में गनेशा कोल जी के घर से बुद्धू चक्रवर्ती के घर तक सड़क निर्माण कार्य (पार्षद अनुसंशा)	जबलपुर	रू. 3.48 लाख (तीन लाख अड़तालीस हजार रूपये मात्र)	02 माह

1. इच्छुक निविदाकार निविदा सूचना (NIT) का विवरण http://mptenders.gov.in में देख सकते है। 2. निविदा प्रपत्र दिनांक 28/04/2023 को प्रातः 10.30 बजे से दिनांक 08/05/2023 सायं 5.30 बजे तक आनलाईन निविदा क्रय की जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर

त्रिभुवनदास मालपाणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिलौनीगंज, जबलपुर
Nursery to Class XII (English & Hindi Medium)

विद्यालय की विशेषताएं
- छात्र/छात्राओं के अध्ययन के लिए प्रोजेक्टर प्रत्येक कक्षा में, अनुभवी शिक्षकों द्वारा अध्यापन कार्य।
- छात्र/छात्राओं के लिये भौतिक/रसायन/जीव विज्ञान/आईपी कम्प्यूटर प्रयोग शाला, अटल टिंकरिंग लैब।
- छात्र/छात्राओं के लिये कक्षाओं की सुविधा
- विद्यालय द्वारा नेशनल स्तर तक जूडो के खिलाड़ी ने स्वर्ण प्राप्त किये।
- बोर्ड कक्षाओं का शत- प्रतिशत परीक्षाफल।
- खेलकूद में छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति सुविधा 10000/-, 8000/-6000/- प्रतिवर्ष
- अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों हेतु शासन द्वारा छात्रवृत्ति सुविधा।

प्रवेश प्रारंभ 2023-24

प्रात:पाली
7.30 से 12.00
पहली से 12वीं
अंग्रेजी माध्यम

दोपहर पाली
12.20 से 5.10
6वीं से 12वीं
हिन्दी माध्यम

संपर्क 9009505955,0761-4016415

आईपीएल सट्टा में लग रहे लाखों के दांव

बेलबाग में घर में संचालित हो रहा था सट्टा, 15 हजार मोबाइल ,टीव्ही सहित 3 आरोपी गिरफ्तार

जबलपुर, यशभारत। आईपीएल सट्टा के चलते जबलपुर में लाखों रुपये के दांव खेले जा रहे है। जिसकी बानगी बेलबाग थाना अंतर्गत डॉक्टर मुखर्जी के घर के पीछे उस वक्त देखने मिली जब पुलिस ने सट्टा गिरोह के 3 आरोपियों को दबोच लिया। वहीं, गिरोह का सरगना फरार बताया जा रहा है। आरोपियों के पास से पुलिस को नगदी पंद्रह हजार रुपये, तीन मोबाइल और एक टीव्ही सहित डायरी मिली है। जिसमें लाखों रुपये का हिसाब किताब लिखा मिला है। गौरतलब है कि एक दिन पहले भी थाना संजीवनी नगर पुलिस ने एक आरोपी को दबोच कर नगदी एक हजार सात सौ रुपये जब्त किए है।

पता परिवर्तन सूचना

मैं तुलसी प्रसाद साहू पिता बालमीक प्रसाद साहू जो कि इस समय 50वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल उतरोला बलरामपुर (उप्र) में मुख्य आरक्षी के पद पर कार्यरत हैं। जो कि अपना नया घर जबलपुर में बना लिया है। अपनी सेवा पुस्तिका में पुराना पता की जगह में नया पता देना चाहता है जो कि इस प्रकार है।

नया पता
ग्राम- टगर रिमझा (श्रीराम परिसर के पीछे) पोस्ट मंगेला, वार्ड नं 72 थाना माढ़ोताल जिला जबलपुर राज्य मध्यप्रदेश पिन: 482002
पुराना पता
ग्राम बरही पोस्ट धरवार थाना नैरोजाबाद, तहसील करकेली, जिला उमरिया, राज्य मध्यप्रदेश पिन 484661

JABALPUR MUNICIPAL CORPORATION, JABALPUR
Notice Inviting E-Tender (1st Call)
NIT No. : JMC/Garden/2023-24/PRO-63 **Date ....**

Jabalpur Municipal Corporation (Garden Department) invites tender for the “development work of garden in Bajnamath under Sardar Vallabhbhai Patel Ward under municipal corporation area”.Detail of tender's can be obtained/ download from our website - www.mptenders.gov.in

Executive Engineer (Garden), J.M.C., Jabalpur (M.P.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड परासिया
निविदा आमंत्रण सूचना
निविदा जारी करने का दिनांक 14.04.2023

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्युरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदाओं हेतु निविदा प्रपत्र डाउनलोड/क्रय करने की दिनांक 14.04.2023 से प्रारंभ है।

कार्य का नाम :- छिन्दवाड़ा जिले के खंड परासिया के विकासखंड परासिया, तामिया, जामई, अमरवड़ा एवं हर्रई के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग एवं नवीन नलजल, योजनाओं में आर.सी.सी. उच्च स्तरीय टंकी एवं सम्पवेल का निर्माण, सबमर्सिबल पम्पसेट प्रदाय, ब्रिक मेशोनरी वाल्व चेम्बर्स, पम्प हाउस, विभिन्न व्यास एवं प्रकार के राइजिंग मेन एवं डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम के पाईप लाईन बिछाने एवं जोड़ने हेतु पाईप्स व स्पेशल्स तथा शतप्रतिशत घरेलू नल कनेक्शन, योजना के विद्युतीकरण सहित समस्त सामग्री प्रदाय कार्य, साथ ही 90 दिन ट्रायलरन एवं कमिशनिंग सहित कार्य। (बी.ओ.क्यू. के अनुसार)

ई-टेण्डर आई.डी. क्र.	निविदा क्रमांक एवं जारी दिनांक	विकास खण्ड	अनुमानित लागत (रू.) में	अमानत राशि रूपये	निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये	बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	बिड ओपन करने की तिथि व व समय	ठेकेदार की श्रेणी समय	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2023_PHED _267761_1	06/2023-24 Dt.14.04.2023	हरई	44233571.00	442340	15000	06.05.2023 5.30 PM	08.05.2023 5.30 PM	लो.नि. विभाग म.प्र. में नवीन केन्द्रीय कृत पद्धति पर सक्षम श्रेणी में पंजी-कृत	270 दिन
2023_PHED _267765_1	07/2023-24 Dt.14.04.2023	हरई	42116530.00	421170	15000	06.05.2023 5.30 PM	08.05.2023 5.30 PM		270 दिन
2023_PHED _267768	08/2023-24 Dt.14.04.2023	हरई	42776519.00	427770	15000	06.05.2023 5.30 PM	08.05.2023 5.30 PM		270 दिन
2023_PHED _267772	09/2023-24 Dt.14.04.2023	तामिया	33996189.00	339960	15000	06.05.2023 5.30 PM	08.05.2023 5.30 PM		270 दिन
2023_PHED _267777	10/2023-24 Dt.14.04.2023	तामिया	49910215.00	499100	15000	06.05.2023 5.30 PM	08.05.2023 5.30 PM		270 दिन
2023_PHED _267778	11/2023-24 Dt.14.04.2023	तामिया	49168675.00	491690	15000	06.05.2023 5.30 PM	08.05.2023 5.30 PM	तदैव	270 दिन
2023_PHED _267779	12/2023-24 Dt.14.04.2023	तामिया	44946888.00	449470	15000	06.05.2023 5.30 PM	08.05.2023 5.30 PM	तदैव	270 दिन
2023_PHED _267848	13/2023-24 Dt.15.04.2023	तामिया	45005514.00	450055	15000	06.05.2023 5.30 PM	08.05.2023 5.30 PM	तदैव	270 दिन
2023_PHED _267850_1	14/2023-24 Dt.14.04.2023	जमाई	48178305.00	481785	15000	06.05.2023 5.30 PM	08.05.2023 5.30 PM	तदैव	270 दिन
2023_PHED _267857_1	15/2023-24 Dt.14.04.2023	जमाई	33621616.00	336220	15000	06.05.2023 5.30 PM	08.05.2023 5.30 PM	तदैव	270 दिन
2023_PHED _267863	16/2023-24 Dt.14.04.2023	जमाई	39880512.00	398810	15000	06.05.2023 5.30 PM	08.05.2023 5.30 PM	तदैव	270 दिन
2023_PHED _267867	17/2023-24 Dt.14.04.2023	जमाई	41057869.00	410580	15000	06.05.2023 5.30 PM	08.05.2023 5.30 PM	तदैव	270 दिन
2023_PHED _267882	18/2023-24 Dt.14.04.2023	जमाई	38176529.00	381770	15000	06.05.2023 5.30 PM	08.05.2023 5.30 PM	तदैव	270 दिन
2023_PHED _2677883	19/2023-24 Dt.14.04.2023	जमाई	47870250.00	478710	15000	06.05.2023 5.30 PM	08.05.2023 5.30 PM	तदैव	270 दिन
2023_PHED _267884	20/2023-24 Dt.14.04.2023	जमाई	35312042.00	353120	15000	06.05.2023 5.30 PM	08.05.2023 5.30 PM	तदैव	270 दिन
2023_PHED _267885	21/2023-24 Dt.15.04.2023	जमाई	41598359.00	415985	15000	06.05.2023 5.30 PM	08.05.2023 5.30 PM	तदैव	270 दिन
2023_PHED _267888	22/2023-24 Dt.14.04.2023	अमरवाड़ा	31661627.00	316620	15000	06.05.2023 5.30 PM	08.05.2023 5.30 PM	तदैव	270 दिन
2023_PHED _267890	23/2023-24 Dt.14.04.2023	अमरवाड़ा	34543102.00	345430	15000	06.05.2023 5.30 PM	08.05.2023 5.30 PM	तदैव	270 दिन
2023_PHED _267889	24/2023-24 Dt.14.04.2023	अमरवाड़ा	32613884.00	326140	15000	06.05.2023 5.30 PM	08.05.2023 5.30 PM	तदैव	270 दिन
2023_PHED _267891	25/2023-24 Dt.15.04.2023	परासिया	38797341.00	387975	15000	06.05.2023 5.30 PM	08.05.2023 5.30 PM	तदैव	270 दिन

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क, केश-कार्ड, ए.टी.एम, कम डेबिट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैंकिंग एकाउंट के माध्यम से उपरोक्त बेवसाईड पर भुगतान कर केवल ऑनलाईन पर ही क्रय किये जा सकते है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित बेवसाईट पर देखी जा सकती है।

सदस्य सचिव
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन तथा कार्यपालन यंत्री,
लो.स्वा.यां.वि. खण्ड परासिया (म.प्र.)

जी-11986/23

गुमशुदा की तलाश



नाम- वंशिका गुप्ता
उम्र- 14 वर्ष
निवास- एसबीआई कॉलोनी, कोतवाली।
पिता का नाम- अविनाश गुप्ता
माता का नाम- ज्योति गुप्ता
काले रंग का टॉप, नीले रंग का जींस, गुलाबी रंग के जूते पहनी हुई है। जो 25 अप्रैल को घर से बिना बताये चली गई है।

जिस किसी को दिखे वह इस नंबर पर संपर्क करें
मोबाइल नंबर 6260551768,7000646656

Trusted
हर रेंज में कूलर ही कूलर
G.S.ELECTRONIC
0% ब्याज पर फायनेंस उपलब्ध हैं।
गढ़ा क्षेत्र का विश्वसनीय इलेक्ट्रॉनिक शोरूम
पता- संजीवनी नगर मोड़, कछपुरा ब्रिज, गढ़ा जबलपुर
9098983263, 9301372157

केला चिप्स
AK's
चना जोर गरम
रोस्टेड फूड जंक्शन ड्राई फूड
जनता साईकिल के बाजू में, बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
मोबा. 7987145201, 9993418910

SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
मेडिकल इमरजेंसी में आपके साथ !!
95758 01020
शैल्बी हॉस्पिटल, जबलपुर, अहिंसा चौक, विजयनगर, जबलपुर

क्या आप घुटने का दर्द, जोड़ों के दर्द से परेशान है?? क्या आपको जोड़ प्रत्यारोपण की सलाह दी गई है?

मिलिए जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. विकास सावला से
शैल्बी हॉस्पिटल, अहमदाबाद के पूर्व विशेषज्ञ
बेस्ट टेक्निक, सफल रिजल्ट्स कुल्हा एवं घुटना रिप्लेसमेंट सर्जन

हड्डी रोग एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एक्सपर्ट
डॉ. विकास सावला
MS ORTHO AHMEDABAD FIJR
+91-9106804465

न्यूनतम चीरा
फास्ट रिकवरी
उपचार चुने, डर नहीं

जबलपुर में मिलने का पता

संजीवनी सुपर स्पेशलिटी क्लिनिक	शैल्बी हॉस्पिटल
गौमाता चौक, राइट टाउन, जबलपुर	विजय नगर, जबलपुर
+91-9301970385, 8225988303	93019 70385

विविध

मोबाइल की माया: मोबाइल आया घड़ी खत्म। मोबाइल आया कैमरा खत्म, मोबाइल आया कैल्कुलेटर खत्म। मोबाइल आया टार्च खत्म। मोबाइल आया रेडियो खत्म। मोबाइल आया एमपी 3 खत्म। मोबाइल आया चिट्ठी पत्री खत्म। मोबाइल आया कैलेण्डर खत्म और अगर आपको मोबाइल आपकी बीवी के हाथ लग गया तो आप भी ...।

-मुनिश्री तरुण सागर

संपादकीय

मोह-भंग और सही सबक

इसी साल जनवरी में देश के शीर्ष पहलवानों ने जब कड़ाके की ठंड में भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण और कोच के खिलाफ मोर्चा खोला तो हर कोई हैरान र... हैरान रह गया था. इसके बाद सरकार ने तुरंत पहलवानों से बातचीत शुरू कर दी और जांच समिति का गठन कर धरना प्रदर्शन को समाप्त करवा दिया. लेकिन यही पहलवान एक बार फिर अपनी पुरानी मांगों को लेकर सड़क पर आकर प्रदर्शन कर रहे हैं, जो आज भी जारी है. पहलवानों ने कहा कि उन्हें एक महीने में कार्रवाई का का भरोसा दिया गया था लेकिन अब तीन महीने बाद भी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है और सरकार ने पहलवानों को जो आश्वासन दिया था वह झूठा निकला । अब पहलवानों को अहसास हुआ है कि राजनीति से दूर रहने की चाहत में उनका संघर्ष अकेला और कमजोर पड़ चुका है। देर से ही सही लेकिन उनमें अब दुरुस्त समझ विकसित हुई है, तो उसका स्वागत किया जाएगा। देश का नाम रोशन करने वाले पहलवानों ने भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष ब्रजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण का गंभीर आरोप लगाया था। तब सीपीएम नेता वृंदा करात उन्हें समर्थन देने पहुंची थीं, तो पहलवानों ने उन्हें मंच से उतार दिया था। उन्होंने कहा कि उन्हें कोई राजनीति नहीं करनी है- सिर्फ अपनी शिकायत का हल निकालना है। तब उन्हें सरकार- खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की न्याय भावना पर भरोसा था। अब वे फिर से जंतर-मंतर पर आए हैं। इस बार उनकी आंखों में आंसू हैं और अपनी शिकायत ना सुने जाने का गम उनकी आवाज पर हावी है। रात भर जंतर-मंतर पर जमीन पर सोकर गुजारने के बाद सोमवार को पहलवानों की तरफ से ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया ने एक महत्वपूर्ण बयान दिया। उन्होंने कहा कि इस बार समर्थन देने के लिए आने वाले राजनेताओं या राजनीतिक दलों से उन्हें कोई गुरेज नहीं है। बल्कि उन्होंने सबसे गुजारिश की कि वे आगे आकर खिलाड़ियों का समर्थन करें। कहा जा सकता है कि खिलाड़ियों ने यह सही सबक सीखा है। राजनीति नहीं करनी या किसी संघर्ष का कोई राजनीतिक लाभ ना उठाए, जैसी सोच नव उदारवादी दौर में शासक वर्ग की तरफ से लोगों पर थोपा गया फॉर्मूला है। राजनीतिक लड़ाई भी अ-राजनीतिक दिखे, इस कोशिश के तहत हर संघर्ष की धार कमजोर करने का प्रयास इसके जरिए किया गया, जो खासा कामयाब रहा है। यह सोच किसान आंदोलन से लेकर कई बार श्रमिकों के आंदोलन तक में देखने को मिली है। नतीजा यह हुआ कि राजनीति का वैचारिक आधार क्षीण हो गया है, जिससे हर उत्पीड़ित समूह अकेला पड़ता चला गया है। इससे सरकारों और शासक तबकों के लिए हर लड़ाई के दायरे को सीमित कर देना और अंततः उसे नाकाम कर देना आसान हो गया है। अब पहलवानों को अहसास हुआ है कि राजनीति से दूर रहने की चाहत में उनका संघर्ष अकेला और कमजोर पड़ चुका है। देर से ही सही लेकिन उनमें अब दुरुस्त समझ विकसित हुई है, तो उसका स्वागत किया जाएगा।

सिंधिया-दिग्विजय के ट्विटर हमले के बीच महाकाल

मध्यप्रदेश में जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव निकट आ रहा है, वैसे-वैसे दिग्गज नेताओं के बीच राजनीतिक जंग को लेकर मुंहवाद तेज हो रहा है। यहां तक कि अब नेता मतदाता से आग्रह करने की बजाय उज्जैन के भगवान महाकाल से प्रार्थना कर परस्पर विरोधियों से मुक्ति की प्रार्थना कर रहे हैं। जब नेता अपनी कार्यप्रणाली और जमीनी सोच से भटक जाते हैं, तब ईश्वर की शरण में चले जाते हैं। मनुश्य की यह गति अंधविश्वास को बढ़ावा देती है। प्रदेश के दोनों प्रमुख दल कांग्रेस और भाजपा में ताजा जो ट्विटर वॉर सामने आया है, उसका निष्कर्ष हताशा का यही दर्षन जताने वाला है। अभी तक नेता आपसी लड़ाई में भगवान को बीच में घसीटने से बचते थे, लेकिन अब भगवान ही राजनीतिक जंग में परिणाम का आधार बन रहे हैं।

महाकाल
किसकी सुनेंगे?

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह बीते सप्ताह दो दिनी प्रवास पर उज्जैन में थे। यहां सिंह ने ट्विटर युद्ध की शुरुआत करते हुए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर हमला बोलते हुए ट्वीट किया कि, 'हे प्रभु ! हे महाकाल ! दूसरे ज्योतिरादित्य सिंधिया कांग्रेस में पैदा न हों।' यह ट्विट जब सिंधिया ने पड़ा तो उन्होंने उसी तेवर में पलटवार करते हुए लिखा कि 'हे प्रभु महाकाल ! कृपया दिग्विजय सिंह जी जैसे देश विरोधी और मध्यप्रदेश के बंटाढार भारत में पैदा न हों।' दोनों नेताओं के इन ट्विट के बाद उनके निष्ठावान अनुयायी भी अपने-अपने ढंग से टिवट वॉर में लग गए। इसके बाद जब उज्जैन में ही दिग्विजय सिंह का मीडिया से सामना हुआ तो इस ट्विट पर सिंधिया के संदर्भ में उत्तर देते हुए वे बोले, 'पिछले चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस की कमलनाथ सरकार को गिराने के लिए 25-25 करोड़ रुपए देने का ऑफर मेरे साथ ये जो विधायक बैठे हैं, इन्हें भी मिला था, लेकिन वे नहीं बिके, लेकिन राजा-महाराजा बिक गए। इसलिए बस यही कहूंगा कि हे प्रभू हे महाकाल कोई दूसरा ज्योतिरादित्य सिंधिया अब कांग्रेस में पैदा न हो।' इस बातचीत के समय दिग्विजय सिंह के साथ विधायक महेश परमार, रामलाल मालवीय, दिलीप सिंह गुर्जर बैठे हुए थे। सिंह ने मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के पहले विधायकों की खरीद-फरोख्त रोकने के लिए 'दल-बदल विरोधी कानून' को मजबूत करने की बात भी कही। सिंह ने कहा कि भाजपा धन बल की सरकार चलाती है। इसने महाकाल मंदिर का भी व्यवसायीकरण कर दिया है। पहले मंदिर में निशुल्क दर्शन की व्यवस्था थी, किंतु अब गर्भगृह से दर्शन करने के लिए 750 रुपए देने पड़ते हैं। इस ट्विटर वॉर के बाद सिंधिया समर्थक नेताओं के जो ट्वीट और बयान सामने आए, उनसे पता चलता है कि हमारे नेता संविधान से कहीं ज्यादा ब्रह्माण्ड के ज्ञाता है। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने प्रतिउत्तर देते हुए लिखा कि 'हे महाकाल ! अतएव ब्रह्माण्ड में दिग्गी राजा जैसा तत्व सूक्ष्म रूप में भी कभी जन्म न लें। धर्म, समाज, देष और मनुश्यता की रक्षा करो हे महाराजाधिराज !' आगे पंचायत मंत्री महेंद्र सिंह सिसौदिया ने लिखा कि 'हे तीनों लोकों के स्वामी, महाकाल प्रभु ! दिग्विजय सिंह जैसे व्यक्ति को जिसने, कांग्रेस को पूरी तरह बंटाढार कर दिया है, इसलिए महाकाल प्रभु से मेरी यही कामना है कि दिग्विजय सिंह को अगले जन्म में पाकिस्तान में पैदा करना।' इन दो जानी-दुश्मनों के बीच आखिरकार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह भी कुंद पड़े। आग में घी डालते हुए उन्होंने कहा कि 'सिंधिया गद्दार नहीं, बल्कि खुद्दार है। वे कांग्रेस में रहते हुए आखिर कितना अपमान सहते। चुनाव लड़ा सिंधिया के नाम पर और बुजुर्ग कमलनाथ को मुख्यमंत्री बना दिया। तिस पर भी विडंबना थी कि सरकार कमलनाथ नहीं दिग्गी राजा चला रहे थे। कमलनाथ तो नाममात्र के मुख्यमंत्री का चेहरा थे। बार-बार सिंधिया और उनके समर्थक मंत्री व विधायक सरकार का जन-समस्याओं की ओर ध्यान खींच रहे थे, लेकिन अपने अहंकार के वषीभूत कमलनाथ ने कोई ध्यान नहीं दिया। आखिर में सिंधिया को कहना पड़ा कि काम नहीं किए तो सड़कों पर उतर जाएंगे। कमलनाथ ने कह दिया सड़कों पर उतर जाओ। आखिर कोई खुद्दार नेता इस अहम् को कैसे बर्दाश्त करता। आखिरकार सिंधिया ने इस्तीफा दिया और चुनाव लड़ा। परंतु आज भी कांग्रेस में छोटेपन और ओछेपन की होड़ लगी हुई है। प्रत्येक नेता दूसरे नेता को छोटा करने वाले बयान दे रहा है। इस होड़ में कमलनाथ और दिग्विजय सिंह समेत सब कांग्रेसी शामिल रहते हुए, सूत ना कपास जुलाहों में लट्ठम-लट्ठा कहावत को चरितार्थ करने में लगे है। अब भगवान जाने कांग्रेस का क्या हश्र होगा।' इस जंग में जब राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय महाकाल के दर्शन उज्जैन पहुंचे तो वे भी इस मुद्दे पर दोनों नेताओं को नैतिकता की नसीहत का पाठ पढ़ाने से नहीं चूके। कैलाश ने कहा कि दिग्विजय सिंह और ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसे नेता को अपनी भाषा की मर्यादा का ख्याल रखना चाहिए। क्योंकि मध्यप्रदेश में विपक्ष का सम्मान करने की परंपरा रही है। हालांकि सिंह मर्यादा रखते हैं, लेकिन कैसे बोल गए पता नहीं। जब उनसे पूछा गया कि सिंह ने कहा है कि 2018 की तरह हम फिर चुनाव जीतेंगे। तब कैलाश ने उत्तर दिया कि भाजपा दो तिहाई से ज्यादा बहुमत से अपनी सरकार बनाएगी। बहरहाल चुनाव निकट आते-आते यह जंग और दिलचस्प एवं तल्ख दिखाई देगी, ऐसा राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है।

प्रमोद भार्गव

बच्चों की मौलिक सोच व स्तर में गिरावट

'आटा' से भी सस्ता मोबाइल 'डाटा' के घोर नकारात्मक प्रभाव अब खुलकर दिखने लगे हैं। इंटरनेट, साइबर संसार, स्मार्टफोन व सोशल मीडिया की ऐसी लत युवाओं में लग चुकी है जिससे वह न सिर्फ वास्तविक दुनिया से कट गया है, बल्कि इसके शिक्षा स्तर और बौद्धिक क्षमता में भी गिरावट दर्ज हो गई है। स्कूली बच्चों और बीस वर्ष के आसपास के नवयुवकों व लड़कियों पर हाल ही में हुए एक डिजिटल-साइबर सर्वे से पता चला है कि इनकी 92 फीसदी संख्या साइबर एडिक्शन के समुद्र में गोता लगाती है जिनमें 60 फीसद संख्या ऐसी है जो खाना-पीना छोड़ सकते हैं, पर फोन-सोशल मीडिया नहीं? कक्षा पांच से ऊपर वाले अधिकांश बच्चे फोन में ऐसे घुसे हुए, जैसे उन्हें दुनियादारी से कोई मतलब ही नहीं? सिर्फ अपने में ही मस्त होते हैं। समय पर खाना खाना, स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद, स्कूल होमवर्क आदि सब भूले होते हैं। सेकेंडरी लेवल के बच्चों में शिक्षा स्तर का गिरने का कारण भी डिजिटल लत ही है। इसके अलावा उनके शारीरिक विकास में नुकसान हो रहा है? बच्चे समय से पहले अपनी आंखों की रोशनी खोते जा रहे हैं। पारिवारिक सदस्य हों या अभिभावक, शिक्षक, चिकित्सक, सभी इंटरनेट, स्मार्टफोन व सोशल मीडिया के नकारात्मक पक्षों से भलीभांति वाकिफ हैं, बावजूद इसके वह कुछ कर नहीं पाते। दरअसल, उनमें एक डर ये भी होता है, कि ज्यादा सख्ती दिखाने पर बच्चे गलत कदम उठाने में देरी नहीं करते? डिजिटल युग में वास्तविक रिश्ते बहुत पीछे छूटते जा रहे हैं जिनमें युवा ज्यादा हैं। बीते दिनों अमेरिकी कंपनी 'साइबर वर्ल्ड ओरीजनल' और 'ए.टी. कियर्नी' ने संयुक्त रूप से दर्जन भर देशों में करीब लाख से ज्यादा लोगों से बातचीत करके एक सर्वे किया, जिसमें लोगों से पूछा गया कि उनके बच्चे ज्यादातर समय कैसे बिताते हैं। उत्तर में बताया गया कि स्कूलों से आने के बाद बच्चे बा-मुश्किल अपनी स्कूली ड्रेस चेंज करते हैं, घर पहुंचते ही सीधे मोबाइलों पर झपट्टा मारते हैं। खाना-पीना, स्कूल बैग्स रखना भी गवारा नहीं समझते। यहां तक कि शाम के वक्त खेलने-कूदने का वक्त होता है, वहां भी स्मार्टफोन ले जाकर बच्चे गेमों में मटरगश्ती करते हैं। भारत के हालात कुछ ज्यादा ही खराब हैं। स्मार्टफोन के इस्तेमाल में हिंदुस्तानी बच्चे अव्वल श्रेणी में हैं जिसकी वजह हमारे यहां मोबाइल डाटा अन्य देशों के मुकाबले काफी सस्ता है।साइबर एडिक्शन के नुकसान एक नहीं, अनेक हैं। मन-मस्तिष्क में इंटरनेट की सोहबत घुसने से बच्चे स्टडीज की मूल मौलिकता से अनभिज्ञ हो रहे हैं। अभी हाल में यूपीपीसीएस का परिणाम घोषित हुआ जिनमें जिन बच्चों ने सफलता पाई, उन्होंने अपने इंटरव्यू में कहा भी कि कोई भी परीक्षा पास करने के लिए प्रतिभागियों को सोशल मीडिया से दूर रहना होगा। इंटरनेट के सकारात्मक पक्ष के संबंध भी हैं जिनका भी जिक्र उन्होंने किया। पर, ज्यादातर बच्चे सदुपयोग की जगह दुरुपयोग ही करते हैं। इंटरनेट में व्यस्त होने के चलते ही कम्पीटिशन में प्रतिभागी पिछड़ रहे हैं। जबकि, जो बच्चे दूर रहते हैं, उन्हें बाजी मारने में कोई मुश्किल नहीं होती। कई सफल बच्चे कहते हैं कि अब कम्पीटिशन कम है, क्वालिटी-स्टडी के प्रतिभागियों की संख्या सीमित होती है। कुल मिलाकर, इंटरनेट, फोन, सोशल मीडिया के जंजाल में फंस चुकी पीढ़ी को बाहर निकालना किसी चुनौती से कम नहीं? बहरहाल, इस समस्या का सर्वाधिक नकारात्मक पहलू एक यह भी है। आज की पीढ़ी गूगल-इंटरनेट को ही शिक्षक और अपना माईबाप समझने लगी है, जो सर्च किया उसे ही वास्तविक सच्चाई मान लेती है। तब उन्हें बुजुर्गों के अनुभव, बुद्धिजीवियों की राय बेमानी-सी लगती है। विद्यालयों में प?ाए गए कोर्स या चैप्टरों पर विश्वास नहीं करती। पाठ्यक्रम की तमाम सामग्री गूगल करके समझते हैं। असल मायनों में यहीं से शिक्षा का स्तर गिरना भी आरंभ हो जाता है। युवाओं में अब धीरे-धीरे देश की जरूरी-वास्तविक समस्याओं को जानने-समझने की क्षमता कुंद होती जा रही है। सर्वे बताता है कि ऐसा भी नहीं है कि युवा इंटरनेट का इस्तेमाल जरूरी तौर पर करते हैं, जमकर दुरुपयोग करते हैं। चाइल्ड पोर्नोग्राफी की लत भी इंटरनेट से चिपकने से लगती है। कई बच्चे स्कूलों में भी फोन के साथ पकड़े जाने लगे हैं। कई मर्तबा तो बच्चों की हरकतों को देखकर शिक्षक-अभिभावक भी शर्मसार होते हैं। दरअसल, कोरोना काल में लगाए गए लॉकडाउन ने बच्चों में फोन की लत को और बढ़ाया था। वो ऐसा वक्त था, जब बच्चे घरों में कैद थे और स्कूलों की बीच में छूटी पढ़ाई को फोन के जरिए ऑनलाइन पड़ते थे। तब, अभिभावक भी यही मानते थे कि बच्चे पढ़ने में मग्न हैं। पर, उन्हें क्या पता था कि बच्चे मोबाइल एडिक्शन के शिकार हुए पड़े हैं। समय की मांग यही है, युवाओं और आने वाली पीढ़ी को इस समस्या से किसी भी सूरत में बचाने के मुकम्मल उपाय खोजे जाएं।

-रमेश ठाकुर

आपका राशिफल 27 अप्रैल

मेष चू चे चो ला ली लू ले लो अ

जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंग। रुपए पैसों की सुविधा मिल जाएगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि व खर्चा बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

वृष इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-3-4-5

मिथुन का की कू घ ङ छ के को हा

बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-2-4-5

कर्क ही हू हे हो डा डी डू डे डो

शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। खान-पान में सावधानी रखें। शुभांक-4-6-7

सिंह मा मी मू मे मो टा टी टू टे

महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

कन्या टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानी पूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। कोई धार्मिक यात्रा करेंगें। शुभांक-2-5-7

तुला रा री रु रे रो ता ती तू ते

सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-3-5-7

वृश्चिक तो ना नी नू ने नो य यी यू

कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-2-4-6

धनु ये यो भा भी भू धा फा ढा भे

प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-4-6-8

मकर भो जा जी खी खू खे खो गा गी

कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंग। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। शुभांक-6-7-9

कुंभ गू गे गो सा सी सू से सो दा

दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-3-5-7

मीन दी दू थ झ ञ दे दो चा ची

व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग। शुभांक-2-4-6

फिल्म वर्ग पहेली- 6147



ऊपर से नीचे:-

१. 'जब ना माना दिल' गीत वाली फिल्म-३
२. कुलभूषण, जावेद, शबाना, नंदिता दास की एक फिल्म-३
३. 'नागिन सा रूप है तेरा' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा, रीना राय की फिल्म-४
५. अमिताभ, वहीदा, नीतू की एक फिल्म-३
६. 'एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा' गीत वाली सुनीलदत्त, साधना की फिल्म-३
९. अर्जुन रामपाल, जावेदखान, अमीषा की 'उड़ उड़ उड़ जावे' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'वो कागज की कश्ती' गीत वाली कुमार गौरव, अनामिका पाल की फिल्म-२
११. 'तुमसा भी नहीं आता' गीत वाली फिल्म-४
१२. अजय देवगन, करिश्मा कपूर की फिल्म-४
१३. जीतेंद्र, कमल सदाना, आयशा, दिव्या की 'तेरी मुहब्बत ने दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'जिस दिल में बसा था प्यार तेरा' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
१६. 'हो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
१९. संजयदत्त, सलमान, माधुरी की फिल्म-३
२०. राजकपूर मीनाकुमारी की 'ऐ चांद जहां वो जाये' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'जैक एण्ड जिल' गीत वाली अजय, उर्मिला की फिल्म-३
२२. 'मैंने प्यार किया' में नायक कौन था-४
२३. 'आंखों में नींद ना दिल में' गीत वाली संजयदत्त, मनीषा की फिल्म-३
२७. फिल्म 'नीलकमल' के संगीतकार कौन थे-२
२८. 'दिलवालों के दिल का करार लूटने' गीत वाली फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. अनिल, अक्षय, मनोज, करीना, शर्मिला की फिल्म-३
४. 'भंवरे ने खिलाया फूल' गीत वाली ऋषिकपूर, पद्मिनी की फिल्म-४
७. फिरोजखान, संजय, मनीषा की 'आखिर तुम्हें आना है' गीत वाली फिल्म-४
८. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षय, अमृता राव की फिल्म-३
१०. राजेंद्रकुमार, राखी की 'तुम मेरी हो मेरे सिवा किसी' गीत वाली फिल्म-२,२
१२. 'ऐ सनम हवा बता' गीत वाली जैकी, मिथुन, जूही, दिव्या की फिल्म-४
१५. नाना, शाहरुख, संजय कपूर, करिश्मा की 'इश्क कमीना' गीतवाली फिल्म-२
१६. 'एहसान तेरा होगा मुझ पर' गीत वाली शम्मी कपूर, सायरा बानो की फिल्म-३
१७. 'बागबान' में अमिताभ की पत्नी ?-२
१८. 'कोई सोने के दिल वाला' गीत वाली देव आनंद, माला सिन्हा की फिल्म-२
१९. ऋषिकपूर, कमल हासन, डिम्पल की 'मारिया ओ मारिया' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'आते जाते हुए' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूर, राखी, परवीन की फिल्म-२
२१. राजकुमार, धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की 'तोरा मन दर्पण' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'आज हमने दिल' गीत वाली नसीर, अतुलअग्निहोत्री, पूजाभट्ट की फिल्म-२
२४. राहुलराय, पूजा भट्ट की 'जो प्यार कर गये' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'सात के बाद महीने' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
२६. संजीवकुमार, शर्मिला की १९७४ की कृष्णन पंजू निर्देशित एक फिल्म-४
२९. 'पति पत्नी और वो' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
३०. 'क्या चीज है मुहब्बत' गीत वाली सुनील शेट्टी, दिव्या की फिल्म-४

फिल्म वर्ग पहेली- 6146



Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल- 6661

★★★★☆ मध्यम

		5			3			
	2			9	5			
9						6		
			9				3	5
	6						7	
4	8				1		6	2
		7						3
			2	4			9	
			8			2		

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6660 का हल

2	7	6	4	9	5	8	1	3
5	8	1	7	2	3	9	6	4
9	3	4	8	1	6	2	5	7
6	5	9	2	4	8	3	7	1
8	4	7	9	3	1	6	2	5
1	2	3	5	6	7	4	9	8
3	6	5	1	8	2	7	4	9
7	9	2	3	5	4	1	8	6
4	1	8	6	7	9	5	3	2

गर्मियों में आसपास नहीं भटकेगी कोई बीमारी, इन चीजों से मजबूत बनाएं अपनी Immunity Power

गर्मी के मौसम अपने साथ कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं लेकर आता है। खासकर इस मौसम में ज्यादा ठंडा खाने के कारण गला खराब जैसी समस्याएं होने लगती है। इसके अलावा गर्मी में इम्यूनिटी भी कमजोर हो जाती है जिसके कारण वायरल बीमारियां शरीर को बहुत जल्दी घेर लेती हैं। ऐसे में इस मौसम में खुद को बीमारियों से बचाने के लिए इम्यूनिटी को मजबूत रखना जरुरी है। तो चलिए आपको बताते हैं कि गर्मियों में आप अपनी इम्यूनिटी पॉवर कैसे मजबूत कर सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इनके बारे में...

शरीर को रखें हाईड्रेट

गर्मी के मौसम में अपने शरीर को एकदम हाइड्रेट रखें। हाईड्रेट रहने से आप एकदम स्वस्थ रहेंगे और आपका इम्यून सिस्टम भी मजबूत बनेंगा। इसके अलावा अच्छी मात्रा में पानी पीने से बॉडी डिटॉक्स होती है और शरीर में से विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते हैं। छाछ, नींबू पानी और नारियल पानी इस मौसम में आप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

जरुर लें विटामिन-डी

जहां सर्दियों में धूप शरीर को आराम देती है वहीं गर्मियों की कड़कती धूप से हर कोई बचना चाहता है परंतु इम्यूनिटी को मजबूत बनाए रखने के लिए विटामिन-डी आवश्यक है। सुबह के समय थोड़ी धूप जरुर लें। इसके अलावा आप विटामिन-डी भरपूर आहार जैसे डेयरी प्रोडक्ट्स, सोया, पनीर भी अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

विटामिन-सी को बनाएं डाइट का हिस्सा

गर्मियों में शरीर को हैल्दी और स्वस्थ रखने के लिए आप विटामिन-सी को भी अपनी डाइट में जरुर शामिल करें। आम, फल, पपीता, स्ट्रॉबेरी, संतरा, पाइनएप्पल चैरी जैसी चीजों का आप इस मौसम में सेवन कर सकते हैं। यह आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनाए रखने में मदद करेंगे।

लें पर्याप्त मात्रा में नींद

इम्यूनिटी को मजबूत बनाए रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में नींद जरुर लें। पर्याप्त नींद लेने से आपकी इम्यूनिटी पॉवर मजबूत होगी। कम से कम 7-8 घंटे की नींद पर्याप्त मात्रा में जरुर लें। इससे आपकी बॉडी रिपेयर होती है और शरीर एकदम एक्टिव रहता है।

यश भारत
क्लासीफाइड (वर्गीकृत विज्ञापन)
• आवश्यकता • प्रापर्टी • लोन • मकान •
• दुकान/आफिस खरीदना बेचना •
• ज्योतिष • शिक्षण • ट्रेवल्स व अन्य •
1 माह Rs.1800/- | 15 दिन Rs.1200/- | 7 दिन Rs.500/- | 3 दिन Rs.250/- | 1 दिन Rs.150/-
व्यवसाय बढ़ायें-समाधान पायें यशभारत के साथ
भवन नामांतरण | आम सूचना | इश्तहार | गुमशुदा | नाम सुधार | जन्मदिन
बुकिंग हेतु संपर्क करें मो. : 9522920552, 9425160507
e-mail : jabalpur@yasshbharat.com

क्लासीफाइड

प्लाट एवं मकान उपलब्ध

शहर के मध्य अधारताल अमखेरा में धनी की कुटिया से मात्र 2 किमी अंदर सुशीला परिसर में टीएनसीपी रेरा एपूण्ड आवासीय कालोनी में प्लाट एवं मकान उपलब्ध सभी बैंकों से फाइनेंस आरसीसी रोड गार्डन झूले सुरक्षित कैम्पस।
संपर्क : संदीप गुप्ता
8770310159, 9826133675

बेचना है

विजयनगर अहिंसा चौक की चाय साय बार की फ्रैन्चाइजी सामान सहित जिसमें डीप फ्रीजर,काफी मशीन, टोस्टर, फ्रायर, स्टूल, एस.बीआर कैमरा और फर्नीचर इत्यादि देना है।
संपर्क : 8085720560, 94254, 12908
(3 मई)

क्योर एण्ड केयर डेन्टल क्लीनिक

डॉ. शंकर हबलानी बी.डी.एस. (इंदौर)
विशेषताएं -रूट कैनाल ट्रीटमेंट, फिक्स दांत , बत्तीसी , दांतों की सफाई , टेढ़े मेढ़े दांतों एवं पायरिया इलाज।
पता- रेनबो कलर लैब के सामनेसतना बिल्डिंग जबलपुर मो.
9340734722, 9300049344
23 अप्रैल

शब्द पहेली - 7707



बाएँ से दाएँ

1. जी,इच्छा,चित्त-2
2. तन,बदन,देह-3
4. अग्निदग्ध-2
6. रनिवास (उर्दू-3)
7. स्नान करना-3
8. विश्राम-3
9. राजा,सम्राट-3
10. वचन,प्रतिज्ञा-3
11. तरंग,हिलोर-3
13. दौड़ना (अंग्रेजी-2)
14. सही का विलोम-3
15. सद्पुरुष-2
16. पाठ,शिक्षा-3
17. कर्ता,कार्य करने वाला-3
18. इज्जत,मान,सम्मान-3
19. सब कुछ छीन लेना-2
20. भवन,प्रासाद-3
21. वजह-3
23. खेल दिखाने वाला-2
24. पेन,लेखनी-3
25. ठाठ-बाट-2

ऊपर से नीचे

1. राय,वोट,अभिप्राय-2
2. लाज,लज्जा-2
3. 500 कागजों की गड्डी -2
4. दुनिया,जगत-3
5. लेकर आना-2
6. अवैध,नाजायज-3
7. निगाह,दृष्टि-3
8. बैठने की जगह-3
9. आराम,मदद-3
10. कर्म,भाग्य-3
11. लगन,जिद,उत्साह-3
12. दांपत्य संबंध विच्छेद-3
14. जवान,तरुण-3
15. रिक्त जगह पूर्ण करना-3
16. दुर्बल का विलोम-3
17. वजह-3
18. पदचाप, किसी के आने की आवाज-3
19. रनिवास (उर्दू-3)
20. जी,इच्छा,चित्त-2
21. समयगति-2
22. देह,बदन-2

शब्द पहेली -7706 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

सीएम शिवराज ने किया पलटवार आप हाय-हाय ही करेंगे

पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा किसानों की आय नहीं हाय बढ़ी

■ भोपाल, यशभारत।

मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ व सीएम शिवराजसिंह चौहान एक बार फिर किसानों के मुद्दे को लेकर बयानबाजी कर रहे है. कमलनाथ ने कहा कि शिवराजसिंह ने प्रधानमंत्री को भी अपने झूठ में शामिल कर लिया है, किसानों की आय नहीं हाय बढ़ी है. जिसपर सीएम शिवराजसिंह चौहान ने पलटवार करते हुए कहा कि कमलनाथ बेचारे किसान की बात क्या जाने उनका खेती से वास्ता ही क्या है वे तो हाय-हाय ही करेंगे.पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा कि शिवराजसिंह आपको जनता आपको पहले से ही झूठ की मशीन कहती है अब तो आपने प्रधानमंत्री को अपने झूठ में शामिल कर लिया. आपने किसानों की कर्ज माफी बंद कर दी. किसानों को एमएसपी पर मिलने वाला बोनस बंद कर दिया. 34 लाख किसानों को डिफॉल्टर बना दिया. आपने किसानों की बिजली महंगी कर दी. आपने किसानों को ओलावृष्टि का मुआवजा नहीं दिया. एमपी के किसानों की आमदनी पहले की तुलना में कम हुई है. किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई है, किसानों की हाय दोगुनी हुई है. किसानों की हाय लेकर कोई सत्ता में नहीं बना रह सकता. इसलिए किसान और मध्यप्रदेश की जनता अब आपको बाय कहने वाली है. जिसपर सीएम शिवराज ने कहा कि जाकी रही भावना जैसी प्रभु मूरत देखी तिन तैसी..वे तो हाय-हाय ही करेंगे. मैं अकेले रीवा का उदाहरण दे रहा हूं. गेहूं का उत्पादन साढ़े चार गुना हो गया है, जाकर देख लें. अब कमलनाथ बेचारे किसान की बात क्या जानें. उनका खेती से वास्ता ही क्या है।

एमपी की सियासत के केंद्र में कमलनाथ का छिंदवाड़ा

बीजेपी–कांग्रेस दोनों की चुनाव सूची में शामिल

पीसीसी चीफ और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का गृह जिला और कांग्रेस का अभेद किला छिंदवाड़ा एक बार फिर मध्य प्रदेश की सियासत के केंद्र में है. एक ओर कांग्रेस जहां छिंदवाड़ा को विकास का मॉडल बता रही है तो वहीं बीजेपी के नेताओं का आरोप है कि कमलनाथ और कांग्रेस ने छिंदवाड़ा समेत पूरे मध्यप्रदेश की जनता से छलावा किया है भोपाल, यशभारत। . इस सबके बीच कांग्रेस अब छिंदवाड़ा को अपने विकास मॉडल के तौर पर पूरे प्रदेश में प्रजेंट करने की तैयारी में है. इसी के नाम पर जनता से वोटों की अपील भी करेगी

कांग्रेस का दावा है अगर सरकार बनती है तो छिंदवाड़ा की तरह ही पूरे प्रदेश को डेवलप किया जाएगा. कमलनाथ ने छिंदवाड़ा में विकास के कई आयाम स्थापित किए हैं. आदिवासी बाहुल्य जिले में हर घर, हर गांव तक बिजली पानी और रोजगार पहुंचाया है. पातालकोट जैसे इलाके को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा. सबसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान छिंदवाड़ा में बनवाए गए और स्किल डेवलपमेंट सेंटर की भी स्थापना हुई.।

सब कुछ है छिंदवाड़ा में

छिंदवाड़ा के संतरे पूरे देश में मशहूर हो रहे हैं.हनुमान जी की सबसे बड़ी मूर्ति की स्थापना छिंदवाड़ा में की गई है. सभी बड़ी कंपनियों के शोरूम छिंदवाड़ा में हैं. साथ ही राष्ट्रीय राजमार्गों की सबसे शानदार कनेक्टिविटी छिंदवाड़ा में है. कांग्रेस मीडिया विभाग उपाध्यक्ष अब्बास हाफिज ने कहा 2018 में भी हमने जनता के बीच छिंदवाड़ा का मॉडल रखा था और इन चुनावों में भी हम जनता के बीच अपने विजन के तौर पर छिंदवाड़ा को पेश करेंगे।

रहवासियों के विरोध के आगे झुका प्रशासन

गांधी भवन के सामने नहीं खुलेगी शराब दुकान

■ भोपाल, यशभारत।

जिले में शराब दुकानों को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले दिनों पुराना किला की शराब दुकान गांधी भवन के सामने खुलने के पहले ही विवाद में आ गई। यहां के रहवासियों और जनप्रतिनिधियों ने इस दुकान को नहीं खोलने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया था। इसको लेकर कलेक्टर आशीष सिंह ने नगर निगम को निर्देश दिए हैं कि उक्त दुकान के लिए कोई दूसरी जगह तलाशी जाए। अब यहां पर दुकान नहीं खोले जाने का निर्णय लिया है। बता दें कि यह दुकान पालीटेक्निक चौराहा से 100 मीटर दूर प्रियदर्शनी पार्क के कार्नर पर खाली जगह में बनाई गई है। इसके विरोध में स्थानीय लोगों के साथ पूर्व मंत्री पीसी शर्मा भी सामने आ गए थे। उनका कहना था कि गांधी भवन के सामने शराब दुकान खोलना बिल्कुल गलत है यहां पर नशामुक्ति केंद्र है। वहीं पीएनटी और डिपो चौराहा पर पहले से ही शराब दुकानें हैं। शहर के कई क्षेत्रों में शराब दुकानों को लेकर विरोध चल रहा है। शाहजहांनाबाद के रहवासियों ने मंगलवार को शराब दुकान को लेकर कलेक्टर से शिकायत की है। इसके अलावा अयोध्या नगर, शाहपुरा, करोंद और पटेल नगर की शराब दुकान पर सबसे ज्यादा विरोध लोगों ने किया है।पटेल नगर शराब दुकान की जगह तो बदली लेकिन पहले की जगह से कुछ दूरी पर खोल दी। रहवासियों ने अनमने मन से विरोध तो खत्म कर दिया, लेकिन इसके बाद शहर के कई इलाकों में रहवासी सड़क पर उतर आए हैं।

नर्सिंग परीक्षा पर लगी रोक बरकरार!

कोर्ट ने कहा-राजनीतिक संरक्षण में कॉलेज समाज में घोल रहे जहर

■ भोपाल, यशभारत।

हाईकोर्ट की ग्वालियर पीठ ने एक बार फिर नर्सिंग परीक्षा पर लगी रोक हटाने से इनकार कर दिया. कोर्ट ने मध्य प्रदेश नर्सेज रजिस्ट्रेशन काउंसिल और निजी कॉलेज संचालकों की कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी जताई. सख्त टिप्पणी करते हुए कहा राजनीतिक संरक्षण प्राप्त कॉलेज समाज में जहर घोल रहे हैं. ऐसे लोगों को परीक्षा में बैठने की अनुमति दे दी गई जो नर्सिंग का एन(ह) भी नहीं जानते। मध्यप्रदेश में 28 फरवरी को नर्सिंग की परीक्षा होनी थी. हाईकोर्ट की ग्वालियर पीठ में लगी जनहित याचिका के बाद परीक्षाओं पर रोक लगा दी गई थी. प्रदेश के हजारों छात्रों के भविष्य का हवाला देकर परीक्षा पर लगी रोक हटाने की गुजारिश कोर्ट से की गई है. इस मामले में सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता ने कोर्ट में अपना पक्ष रखा था. जिसमें उन्होंने बताया कि प्रदेश में 485 नर्सिंग कॉलेज हैं. इनमें 440 पुराने हैं जबकि 45 नए कॉलेजों को मान्यता दी गई है. 130 कॉलेज ऐसे हैं जो सीबीआई की जांच के दायरे से बाहर हैं. बाकी बचे 350 कॉलेजों के दस्तावेजों की जांच की गई है. इन कॉलेजों को मान्यता देने की प्रक्रिया की जांच की गई और इसकी रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश की गई है। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट की ग्वालियर पीठ ने प्राइवेट कॉलेज संचालकों और मप्र नर्सेज रजिस्ट्रेशन काउंसिल पर गंभीर टिप्पणी की है. ग्वालियर बेंच ने महाधिवक्ता से कहा आप अभी इस केस से जुड़े हैं, जबकि इन लोगों ने 3 साल में क्या-क्या तमाशा किया ये आपको नहीं बताया है. प्रदेश में एक बार धांधली हो चुकी है, ऐसे में हम उन्हीं लोगों को फिर से परीक्षा आयोजित कराने की जिम्मेदारी कैसे दे सकते हैं. मप्र नर्सेज रजिस्ट्रेशन काउंसिल का रिकॉर्ड बहुत खराब है. उस पर भरोसा नहीं कर सकते. कोर्ट ने कहा राजनीतिक संरक्षण प्राप्त कॉलेज समाज में जहर घोल रहे हैं. ऐसे लोगों को परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई जो नर्सिंग का एन(N) भी नहीं जानते. वहीं कोर्ट ने मामले में सीबीआई अधिकारी को बुलाया है. माना जा रहा है कि सीबीआई को मामले की जांच सौंपी जा सकती है।

एनएसयूआइ ने स्वास्थ्य मंत्री के बंगले के बाहर चिपकाए आपत्तिजनक पोस्टर, एफआइआर दर्ज

■ भोपाल, यशभारत।

एनएसयूआई (नेशनल स्टूडेंट यूनियन आफ इंडिया) के मेडिकल विंग के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री डा. प्रभुराम चौधरी के शासकीय आवास के बाहर लगी नाम पट्टिका पर अजीबोगरीब पोस्टर चस्पा कर दिया। पोस्टर में कई आपत्तिजनक शब्द लिखे थे। इस तरीके के दो पोस्टर चस्पा कर एनएसयूआइ ने मेडिकल विभाग में हो रहे तबादलों का विरोध जताया है। प्रदर्शन के दौरान जब मंत्री के आवास पर तैनात पुलिस कर्मियों ने उनको रोका तो एनएसयूआइ के कार्यकत्तओं ने उनसे भी अभद्रता की। इस पर पुलिसकर्मी की शिकायत पर पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा की धाराओं में रवि परमार समेत दस लोगों पर एफआइआर दर्ज कर ली है। एनएसयूआइ मेडिकल विंग के संयोजक रवि परमार ने स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी पर आरोप लगाते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग में सभी नियमों को दरकिनार करते हुए लाखों रुपयों का लेन-देन कर धड़ल्ले से तबादले किए जा रहे हैं। इस भ्रष्टाचारी रवैये के कारण जरूरतमंद कर्मचारी परेशान हो रहे हैं। वहीं इतनी भीषण गर्मी में पूरे मध्यप्रदेश में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी नियमितीकरण और अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन और भूख हड़ताल कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तबादलों का कारखाना बंद नहीं हुआ तो प्रदेशभर में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन शुरू करेंगे।

स्कूल शिक्षा मंत्री बोले- कार्यालय में न बैठे रहें जिला शिक्षाधिकारी, स्कूलों का निरीक्षण करें

भोपाल यशभारत। जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) बनने के बाद अधिकारी बनकर अपने कार्यालय में नहीं बैठे रहें, बल्कि अपने जिले के स्कूलों का निरीक्षण करें। वे दौरे की आदत डालें और जिले के सभी स्कूलों में भ्रमण कर भवन, पुताई, बैठक व्यवस्था, बच्चों की उपस्थिति आदि विषयों पर कार्य करें। इससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। यह बात स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री इंदर सिंह परमार ने मंगलवार को महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान में स्कूल शिक्षा विभागीय उच्च पद के प्रभार के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला के दौरान कही।उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग में उच्च पद के प्रभार संबंधी प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता की साथ 10 मई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया है कि किसी का भी अहित न हो एवं नियम संगत और पारदर्शी प्रक्रिया पूर्ण की जाए। किसी तरह की कोई विसंगति न हो, पूरी प्रक्रिया सरलता से संपन्न करें। शिक्षा संवर्ग में ग्रेडेशन और पदोन्नति होने से अतिशेष की स्थिति दूर होगी। जिला शिक्षा अधिकारी विभागीय जांच एवं आपराधिक प्रकरण जैसे विषयों को ध्यान में रखते हुए बिना किसी भेदभाव के शिक्षकों की नियम संगत सीआर (गोपनीय चरित्रावली) अग्रेषित करें।

विरोध के बाद सरकार ने मप्र नगर पालिका व्यापार अनुज्ञापन नियम-2023 किया स्थगित

ट्रेड लाइसेंस पूर्व की भांति ही लागू रहेगा

■ भोपाल, यशभारत।

व्यापारियों के बढ़ते विरोध के बाद अंततः राज्य सरकार ने मध्य प्रदेश नगर पालिका व्यापार अनुज्ञापन नियम 2023 को मंगलवार को स्थगित कर दिया है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने 21 अप्रैल को इस नियम की अधिसूचना जारी की थी। पांचवें दिन ही इसे स्थगित करना पड़ा। हालांकि इन नियमों के लागू होने के पहले जिन नगरीय निकायों द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 अथवा मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनयम 1961 के प्रविधानों के अनुसार निकाय स्तर पर व्यापार विनियमन के लिए व्यापार अनुज्ञप्ति (ट्रेड लाइसेंस) जारी करने के लिए शुल्क निर्धारित करके नियम लागू किए गए हैं, वह पूर्वानुसार लागू रहेंगे।उल्लेखनीय है कि नवीन नियमों के प्रकाशित होने के बाद विभिन्न नगरों संबद्ध व्यवसायियों, व्यापार समूहों एवं निकायों के स्थानीय जन-प्रतिनिधियों द्वारा नियमों में विसंगतियों की ओर ध्यान आकृष्ट किया गया था। साथ ही इसका जमकर विरोध भी किया जा रहा था। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश के बाद इस नियम के क्रियान्वयन को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है।

नगरीय विकास और आवास विभाग ने मप्र नगरपालिका व्यापार अनुज्ञापन नियम में संशोधन कर प्रदेश के किसी भी शहर कस्बे में व्यापार करने पर नया टैक्स लागू कर दिया था। सभी नगर पालिक निगम, नगरपालिक परिषद और नगर परिषद व्यापारियों से उनके व्यवसाय स्थल यानी दुकान के क्षेत्रफल के हिसाब से कर वसूलने की व्यवस्था थी। यह नया कर संपत्तिकर, विज्ञापन कर और पहले से लागू अन्य शुल्कों के अतिरिक्त था। निगम को सड़क की चौड़ाई के अनुपात में प्रति वर्गफीट चार से छह रुपये, नगरपालिक परिषद को तीन से पांच रुपये और नगर परिषद को दो से चार रुपये प्रति वर्ग फीट टैक्स सालाना वसूलने के अधिकार दे दिए थे। हालांकि नगर निगम के लिए अधिकतम सीमा 50 हजार रुपये, नगर पालिका परिषद के लिए 25 हजार और नगर परिषद के लिए 15 हजार रुपये तक की गई थी। इतना ही नहीं वाहनों से व्यापार करने वालों पर भी टैक्स लगा दिया गया था। नए टैक्स की अधिसूचना होते ही व्यापारियों ने नाराजगी जताते हुए इसे गलत बताया था।

होटल मैनेजमेंट कोर्स की मान्यता रद होने से आक्रोशित छात्रों ने किया विरोध-प्रदर्शन

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी स्थित एनआरआइ कालेज की होटल मैनेजमेंट पाठ्यक्रम की मान्यता रद हो जाने के बाद प्रवेश ले चुके विद्यार्थियों ने कालेज प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। एनएसयूआइ के प्रदेश समन्वयक अक्षय तोमर के नेतृत्व में बीबीए होटल मैनेजमेंट के विद्यार्थियों ने प्रदर्शन किया। कालेज प्रशासन द्वारा रद हो चुके पाठ्यक्रम को लेकर पल्ला झाड़ने का आरोप लगाते हुए एनएसयूआइ ने कालेज गेट पर ताला जड़ दिया।कालेज प्रशासन एवं विद्यार्थियों के बीच चली लंबी वार्ता के बाद संबंधित कोर्स के रद हो जाने के बाद प्रवेशित विद्यार्थियों की फीस एवं अन्य दस्तावेज़ वापस करने की बात को लेकर सहमति बनी। विद्यार्थियों का कहना है कि बीबीए होटल मैनेजमेंट की मान्यता रद होने के बाद कालेज प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों पर बीबीए प्लेन या अन्य दूसरे कोर्स में दाखिला लेने के लिए अनावश्क रूप से दबाव बनाया जा रहा है। एनएसयूआइ महासचिव आदित्य सोनी ने बताया कि एनआरआइ कालेज द्वारा बीबीए एचएम की मान्यता जाने के बाद प्रवेशित विद्यार्थियों को फीस वापस नहीं करना चाहता है।

घर के सामने खड़े युवक को नहीं हुआ गोली लगने का भान, डाक्टर से पट्टी बंधवाकर लौट आया

■ भोपाल, यशभारत।

शहर के छोला मंदिर थाना इलाके में एक युवक गोली लगने से घायल हो गया। हैरानी यह कि गोली लगने की बात उसे तब पता चली, जब अस्पताल में उसका एक्सरे कराया गया। पुलिस का अनुमान है कि हर्ष फायर के दौरान गोली किसी दीवार से टकराने के बाद युवक को लगी है।

पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। छोला मंदिर थाना पुलिस के मुताबिक चंदन नगर निवासी 27 वर्षीय हेमराज अहिरवार निजी काम करता है। 21 अप्रैल की रात करीब साढ़े आठ बजे वह घर के सामने 80 फीट रोड पर खड़ा था। इस दौरान अचानक उसे अपने बाएं कंधे में जलन महसूस हुई। साथ ही खून निकलने लगा। वह उपचार के लिए पास की क्लीनिक पर पहुंचा, तो डाक्टर को उसके कंधे पर छोटा-सा घाव नजर आया। डाक्टर ने पत्थर से चोट आने की संभावना जताते हुए पट्टी बांध दी।अगले दिन दर्द बढ़ने पर हेमराज उपचार के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचा। वहां डाक्टर ने हेमराज के कंधे में गोली लगने की आशंका जताई। इस पर वह बिना एक्सरे कराए पट्टी कराकर घर लौटने लगा। एक्सरे नहीं कराने पर डाक्टर को संदेह हुआ, तो उसने हेमराज से घटना के बारे में पुलिस को बताने को बोला। इसके बाद हेमराज अस्पताल में भर्ती हुआ। हेमराज का एक्सरे किया गया तो गोली लगने की पुष्टि हो गई। डाक्टर ने आपरेशन कर गोली निकाल ली है।

गृह निर्माण सहकारी समिति की जमीन पर भूमाफिया का कब्जा

■ भोपाल, यशभारत।

जिले में गृह निर्माण सहकारी समिति की जमीनों पर भूमाफिया की नजर बनी हुई है। अभी तीन समितियों के मामले में प्रकरण दर्ज कराए गए हैं। इसी बीच एक और समिति की मामला मंगलवार को कलेक्टर जनसुनवाई में पहुंचा। जिसमें समिति के सदस्यों ने कलेक्टर आशीष सिंह से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा लगभग 70 आवेदकों ने अपनी समस्याएं जनसुनवाई में बताई। जिनमें से तत्काल निराकरण होने वाली समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया और अन्य को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण के लिए भेजा गया है। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर हरेंद्र नारायण, डिप्टी कलेक्टर अंकिता त्रिपाठी सहित अन्य सभी विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

टीलाजमालपुरा के हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी शशि पाल आनंद, बिहारीलाल तिवारी, कुसुम चौकसे ने शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि नवीबाग में महाशक्ति गृह निर्माण सहकारी समिति की बेशकीमती जमीन मौजूद है। जिसे भूमाफिया, बिल्डर और विभाग के अधिकारियों द्वारा मिलकर हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। उनकी शिकायत पर कलेक्टर ने एसडीएम को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा वार्ड क्रमांक पांच ओल्ड डेरीफार्म कर्नल के बंगले के पास तालाब के किनारे रहने वाले सभी रहवासियों ने शिकायत की है।

यह भी पढ़ें

की है कि तालाब के पास कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है रातों-रात झुग्गियां बनाकर बेची जा रही है। इस पर कलेक्टर ने संत हिरदाराम नगर के एसडीएम को कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए हैं।

आवश्यक रूप से करें सुनवाई

कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सभी जनपद और एसडीएम कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की जाए और इसके लिए बेहतर व्यवस्था करें।उन्होंने कहा कि जनसुनवाई आमजन की समस्याओं को सुनने, समझने व हल करने का बेहतर साधन है। इससे अधिकारी भी जिले की परिस्थितियों से अवगत होते हैं। सभी जिला अधिकारी इसको गंभीरता से लें।

भ्रामक जानकारी देकर नपा से करा लिया था भूमिपूजन

बिना भूमि आवंटन के पत्रकार भवन निर्माण पर रोक

सिहोरा, यशभारत। सिहोरा नगर पालिका में कुछ पत्रकारों ने भूमि आवंटन की भ्रामक जानकारी देकर कथित पत्रकार भवन निर्माण का नगर पालिका अध्यक्ष से भूमि पूजन करा लिया था जिसकी जानकारी समाचार पत्रों के माध्यम से शासन के अधिकारीयों को लगी जिस पर एक्शन लेते हुए सिहोरा तहसीलदार द्वारा नगर पालिका द्वारा उक्त पत्रकार भवन के निर्माण पर रोक लगा दी एवं पूरे मामले को संज्ञान में लेकर मामले की जांच करने की बात कही है।

ज्ञात हो कि विगत कुछ दिनों पहले तहसील प्रांगण के शासकीय भूमि पर निर्माणाधीन अनुविभागीय कार्यालय के बाजू की बेशकीमती जमीन पर नगर पालिका अध्यक्ष के द्वारा सामुदायिक भवन एवं कथित पत्रकार भवन का भूमि पूजन, मुख्य नगर अधिकारी एवं कुछ पत्रकारों की उपस्थिति में कराया दिया था जिसकी खबर प्रशासन को लगते ही प्रशासन एक्शन मूड में आ गया एवं बिना भूमि आवंटन के निर्माण की शिकायत पर तहसीलदार सिहोरा द्वारा जांच में प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि उक्त भूमि शासकीय भूमि है जो वर्तमान राजस्व रिकार्ड में तहसील सिहोरा की है जिस पर कोई भी भूमि आवंटन किसी भी संस्था या पत्रकार भवन के लिए नहीं किया गया है स्थानीय बुद्धिजीवी लोगों की आपत्ति पर तत्काल उक्त निर्माण की रोक लगाते हुए नगर पालिका को भी इस बाबद पत्राचार किया गया है।

इनका कहना है...

यह मामला मेरे संज्ञान में आया है उक्त शासकीय भूमि का कोई आवंटन नहीं हुआ है इसलिए तत्काल निर्माण पर रोक लगा दी गई है और दस्तावेज उपलब्ध कराने हेतु नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखा गया है।

पूजा भोरहरि
तहसीलदार सिहोरा

तहसील प्रांगण में जहाँ भूमि पूजन हुआ है वह शासकीय भूमि है जिसका आवंटन नहीं हुआ है और न ही सामुदायिक भवन एवं पत्रकार भवन बनाने का परिषद में निर्णय पास हुआ है मिथ्या जानकारी के कारण यह भूमि पूजन किया गया है जो कि गलत है।

लक्ष्मण सिंह सारस
मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिहोरा

संभव सागर जी महाराज का 25वॉं दीक्षा समारोह आज

नरसिंहपुर यभाप्र। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री 108 संभव सागर जी महाराज का 25 वॉं मुनि दीक्षा समारोह कंदेली स्थित जैन मंदिर जी में गुरुवार 27 अप्रैल को भक्तिभाव और इस भव सागर से पार होने की कामना के साथ मनाया जायेगा। जानकारी के अनुसार मंदिर जी में प्रात: 7.30 बजे से भगवान का अभिषेक, चित्र अनावरण, दीप प्रज्जवलन, शास्त्र भेंट एवं आचार्य श्री एवं मुनि संघ की पूजन के उपरांत महाराज श्री के आशीष वचन होंगे। उपरांत 11 बजे अनाथालय एवं अस्पताल में फल एवं वस्त्र वितरण, दोपहर 2.30 बजे से चित्र अनावरण, दीप प्रज्जवलन, शास्त्र भेंट, पाद प्रक्षालन, पाठशाला के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किये जायेगें

पलक झपकते खेतों से हो रही मोटर पंप की चोरी

दर्जनों गांव के किसान भयभीत

गोसलपुर, यशभारत। पुलिस थाना गोसलपुर के अंतर्गत आने वाले केवलारी खमरिया सिलुवा टिकारिया रानीताल पौंडी कला अतरिया झांसी गांव के किसान पिछले एक सप्ताह से बेहद परेशान व हैरान है टिकरिया निवासी किसानशंकर लाल पटेल ने बताया की चोरों द्वारा किसानों के खेत में लगी मोटर पंप नोजल पाईप केवल पलक झपकते चोरों द्वारा पार कर दी जाती है जिससे किसान दिन रात खेतों में रतजगा कर अपने मोटर पंप ताक रहे है इसके बावजूद भी पलक झपकते यह चोर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं ज्ञात हो की इस समय किसानों के खेत में ग्रीष्मकालीन मूंग उड़द की फसल बोई गई है जिसकी सिंचाई चल रही है रात्रि कालीन समय में बिजली कटौती का फायदा उठाकर अज्ञात चोर बड़ी तेजी से किसानों को नुकसान पहुंचा रहे हैं अभी हाल ही में टिकरिया गांव में में लगभग आधा दर्जन किसानों की मोटर केवल स्टार्टर चोर चुरा ले गए और स्थानीय पुलिस शिकायत का इंतजार कर रही है।

वही पीड़ित किसान कानून के लंबे जामे में न फंसने के कारण चोरी की शिकायत पुलिस थाने तक नहीं कर पाते हालांकि किसानों द्वारा उक्त घटना की बात क्षेत्रीय सरपंच जनपद सदस्य और समाजसेवियों से बताई गई जिसमें जनप्रतिनिधियों ने गोसलपुर थाना प्रभारी को गंभीरता से ध्यान देने की मांग की है चोरी की लगातार घटनाओं से भयभीत किसानों का कहना है की शीघ्र ही चोरी की घटनाओं मे रोक लगाने के संबंध में जबलपुर जिले के पुलिस कप्तान टी.के विद्यार्थी से मिलकर लिखित आवेदन दिया जाएगा किसानों का कहना है की यह चोर चुराई गयी सामग्री को वरनू तिराहा गोसलपुर कछपुरा स्थित कबाड़ियों को ओने पौने दामों में बेची जा रहे है।

पुलिस कर रही शिकायत का इंतजार

इनका कहना है...

अभी तक मेरे पास किसी किसान ने चोरी की लिखित शिकायत नही दी शिकायत आने पर कार्यवाही की जावेगी । साथ ही कबाड़ियों के ठीहे मे भी जांच पड़ताल की जावेगी।

अनिल मिश्रा थाना प्रभारी
गोसलपुर

चीचली में अध्यक्ष ने ली वार्ड प्रभारियों, कर्मचारियों की बैठक

गाडरवारा(यश भारत)। नगर परिषद चीचली में अध्यक्ष बबलू सिंघानिया ने कार्यालय में आम नागरिकों से मुलाकात कर, समस्या के समाधान के लिए संबंधित कर्मचारी अधिकारी को तलब किया एवं लगभग एक साल, दो साल पुरानी आवास योजना की किस्त की फाइलों को आगे बढ़ाया, अब जल्द से जल्द किस्त प्रदान की जाएंगी। 10 मई में होने वाले सर्व जाति सम्मेलन की जानकारी प्रदान की। उल्लेखनीय है नगर परिषद में अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी वार्ड प्रभारियों एवं कर्मचारी स्टाफ गणों की बैठक ली गई। जिसमें नप उपाध्यक्ष नंदू ठाकुर, संजय अहिरवार, पृथ्वीराज कौरव, पार्षदगण समस्त नगर परिषद स्टाफ उपस्थित रहे।

मां तुझे प्रणाम के लिए दल हुआ रवाना

गोटेगांव , यशभारत। खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत मुख्यमंत्री शिवराज चौहान के द्वारा युवाओं के लिए चलाई जा रही मां तुझे प्रणाम योजना अंतर्गत नरसिंहपुर जिले से बाघा बॉर्डर हुसैनीवाला बॉर्डर एवं अमृतसर आदि स्थान भ्रमण के लिए दल रवाना हुआ।

मां तुझे प्रणाम योजना का उद्देश्य सशक्त भारत और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के सपने को साकार करने के लिए युवाओं में देश की सीमाओं की सुरक्षा के प्रति जागृति लाने एवं युवाओं में देशभक्ति का जज्बा जगाने एवं बॉर्डर पर तैनात सैनिकों की कार्यप्रणाली से अवगत कराने मध्य प्रदेश खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मां तुझे प्रणाम योजना संचालित है। जिसमें चुनिंदा एनसीसी स्काउट एंड गाइड एवं राष्टीय खिलाड़ियों को देश की अंतर्राष्टीय सीमा पर भेजा जाता है। योजना के प्रति युवाओं का रुझान दिखाते हुए यही योजना अब बड़े पैमाने पर संचालित की जाने लगी है। इस घड़ी में अब दो श्रेणियों को शामिल किया गया है जिसमें ज्यादा से ज्यादा युवाओं को बॉर्डर पर तैनात सैनिकों से मिलने और उनकी कार्यप्रणाली जानने का मौका मिले साथ ही इस योजना के अंतर्गत युवा अपने गांव की माटी एवं नर्मदा जल लेकर सीमा पर शहीद हुए सिपाहियों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।इस योजना के तहत चयनित नरसिंहपुर जिले के युवाओं को अंतर्राष्टीय सीमा बाघा बॉर्डर तथा हुसैनीवाला की अनुभव यात्रा पर भेजा गया है। जिले से सीमा भ्रमण पर गनेश प्रजापति,आशुतोष मेहरा,अंकित लखेरा, नकुल प्रजापति,सतपाल पंद्राम,सचिन धुर्वे,छोटू सिंह धुर्वे,सौरभ प्रजापति आदि स्वयंसेवकों का चयन हुआ। गनेश प्रजापति ने बताया कि सरहद पर जाकर हमें वहां की परिस्थितियों और सेना के संघर्ष पूर्ण जीवन के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। मेरा बचपन से ही यह सपना था कि एक बार देश की सीमा पर जाकर वहां की मिट्टी और जवानों को प्रणाम कर सकूं।

आत्मा का भी जन्म मरण होता है : मुनि श्री प्रणम्य सागर



शहपुरा भिटौनी, यशभारत। संसार के समस्त प्राणियो की यह धारणा है कि शरीर मरता है आत्मा तो अजर अमर है अब जरा विचार करते हैं कि जब किसी जीव का जन्म होता है तो क्या आत्मा का भी जन्म होता है? नहीं शरीर के साथ आत्मा का भी जन्म होता है। नई पर्याय प्राप्त होना जन्म है और पर्याय का मिट जाता मटण है। तो उस पर्याय का मालिक जीव अर्थात आत्मा ही है। पर्याय से पर्यायान्तर होना। गति से गत्यंतर होना शरीर का नहीं , आत्मा का होता है। आत्मा ही एक शरीर से दूसरे शरीर में जन्म लेती है। शरीर के रोगों का चिकित्सा अस्पताल में होता है किंतु आत्मा के रोगों का चिकित्सा जिनालय में होता है। शरीर के साथ साथ आत्मा का भी विकास और विस्तार होता है। जन्म मृत्यु का रोग शरीर नहीं किन्त आत्मा के हैं। शरीर पर्याय है और आत्मा है। जन्म से जरा और मृत्यु तक आत्मा शरीर के साथ रहती है। शहीर ही मरता है, और शरीर ही जन्मता है- यह एकांत घटना है, कथंचित आत्मा जन्मती है और कथांचित आत्मा मरती भी है।उक्त उद्गार अर्हम योग प्रणेता प्रणम्य सागर जी ने शहपुरा मैं व्यक्त किए ।ज्ञात हो की संत शिरोमणि आचार्य गुरूवर श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज , मुनि श्री चंद्रसागर जी महाराज , छुल्लक 105 छुल्लक अनुनय सागर जी महाराज ,क्षुल्लक 105 सविनय सागर जी महाराज , क्षुल्लक 105 समन्वय सागर जी महाराज , का ग्रीसमकालीन प्रवास शहपुरा मै चल रहा है जहां प्रतिदिन प्रातः 8-30 बजे से मुनि श्री के मंगल प्रवचन हो रहे है । शहपुरा जैन पंचायत ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से सभी कार्यक्रमों मैं उपस्थित होने की अपील की है ।

संकल्प कार्यशाला चुनाव प्रबंधन कार्यक्रम आयोजित

जिला ग्रामीण अध्यक्ष का हुआ स्वागत

पनागर, यशभारत। विधान सभा पनागर के अंतर्गत ब्लॉक कांग्रेस पनागर बरेला महाराजपुर बेलखालू के सभी मंडलम सेक्टर व बी एल ए प्रशिक्षण का कार्यक्रम मंगल भवन पनागर में, संपन्न हुआ । कार्यक्रम के प्रारंभ में कांग्रेश कार्यालय से जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉक्टर निलेश जैन का एक विशाल स्वागत जुलूस निकाला गया जो नगर भ्रमण करते हुए मंगल भवन पहुंचा जहां जिला अध्यक्ष के साथ जिला प्रभारी सुनील जैन पूर्व विधायक देवरी सागर सहित सभी अतिथियों का स्वागत साल श्रीफल से किया गया । इस अवसर पर वरिष्ठ नेता प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री सम्मती सैनी विनोद श्रीवास्तव विनीता यादव प्रदीप पटेल अध्यक्ष एड. महेंद्र चक्रवर्ती उपाध्यक्ष ने भी संबोधन किया कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष विमल जैन द्वारा किया गया द्वितीय चरण में संकल्प चुनाव प्रबंधन मतदाता सूची निरीक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमें प्रदेश प्रभारी आरिफा खान एवं श्रीवास्तव जी ने विस्तार से सभी पदाधिकारियों को अवगत कराया एवं प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ जी द्वारा दिए गए संबोधन के बारे में विस्तार से बताया पूर्व विधायक सुनील जैन ने भी सभी, मंडलम सेक्टर बीएलए के साथ बूथ प्रभारियों को भी अपनी अपनी जिम्मेवारी के साथ जुट जाने निर्देश दिए प्रदेश कांग्रेस द्वारा दिए गए 30 दिवसीय कार्यशाला को करने कहा वरिष्ठ नेता सम्मती सैनी मी ने अपने उद्बोधन में कहा सभी कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ जी द्वारा दिए निर्देशों को पालन करने में अपनी सहभागिता निभाएं विनोद श्रीवास्तव वरिष्ठ नेता ने कहां कार्यकर्ता रीढ़ की हड्डी है कांग्रेश को शासन में पहुंचाने वाले मात्र कांग्रेश का छोटा कार्यकर्ता हैं कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विमल जी ने किया द्वितीय चरण मैं संकल्प का प्रबंधन मतदाता सूची निरीक्षण कार्यशाला की गई जिसमें प्रदेश प्रभारी आरिफ खान एवं श्रीवास्तव जी ने विस्तार से उपस्थित कांग्रेस जनों को मतदाता का नाम सूची में जुड़वाना मृत मतदाता का नाम कटवाना जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर बताया चुनाव प्रबंधन से संबंधित जानकारी दे दी गई कार्यक्रम में, जिला संगठन मंत्री राजकिशोर चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद तिवारी बरेला मुकेश सोनी महाराजपुर मनीष महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सपना पिल्ले नगर अध्यक्ष रत्ना पटेल ज्योति तिवारी शिवानी राजेश ठाकुर बंटी पार्षद तुलसी कुशवाहा बाबू खान प्रमोद पटेल बहादुर राय मंडल अध्यक्ष कुंदन सिंह घाना सुमित यादव सीताराम कुशवाहा धरमू राय सुशील केवट संतोष पहलवान मनोज बंशकार बसंत सिंह सत्येंद्र गर्ग रामजी रैकवार विजय जैन राधे साहू सुशांत मिश्रा विजय पटेल वीरेन दास बैरागी रामदास पटेल अनिल पटेल वीरेंद्र उपाध्याय आनंद जैस्वाल दिलीप यादव भूपेंद्र यादव पाठक बरेला प्रताप सिंह द्वारा इंतकाल केवट अमोल रजक नरेश रजक अभिजीत बढ़गईया गजराज केवट विमल केवट रामसहाय गौरी शंकर मनोज पटेल तिवारी खेड़ा अभी सभी कार्यकर्ता महिला पुरुष सभी ने कार्यक्रम में भाग लिया।

विद्युत कर्मचारियों को सौंपे सुरक्षा उपकरण

सिहोरा, यशभारत। अपनी जान हथेली पर रखकर दिन रात विद्युत पोलों पर चढकर आम बिजली उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने वाले विद्युत कर्मचारियों को राहत प्रदान करते हुए पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड सिहोरा ने विधायक नंदनी मरावी के माध्यम से उनके कार्यालय से करीब आधा दर्जन कर्मचारियों को सुरक्षा किट जिसमें टोपा,ग्लब्ज,स्क्रूड्राइवर,झूला, टार्च,प्लायर आदि उपकरण प्रदान किए ।इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष शारदा तिवारी,मंडल प्रभारी विनय असाटी,विद्युत कम्पनी के कार्यालय अभियंता अमित विश्वकर्मा, सहायक अभियंता जसवंत सिंह,सी के लखेरा,राकेश पांडे सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित थे।

राम कथा आदर्श पथ पर चलने की प्रेरणा देती है : प्रद्युम्न दास

पूर्णाहुति व भंडारे का आयोजन आज

कटंगी यश भारत। कटंगी के समीप कुशली ग्राम के श्रीरामचरितमानस मंच हनुमान घाट में आयोजित राम कथा का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ संपन्न हुआ ।इस अवसर पर कथा व्यास प्रद्युम्न दास जी महाराज ने रामचरितमानस के अनेक प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीराम चरित्र मानस परम पवित्र है। देवता भी श्रीराम के चरित्र के रहस्य को नहीं समझ पाते। श्रीरामचरित मानस का मुख्य सारांश यही है कि हमें प्रभु श्री राम की तरह मर्यादित होकर अपने जीवन के उत्तरदायित्व को निभाना होगा। कथा व्यास नेहा व्यास की ओर से कहा कि मानव को अपने जीवन में जितना भी समय मिलता है उसमें से कुछ समय प्रभु श्री राम के चरणों में समर्पित करते हुए सत्संग करना चाहिए सत्संग से मानव को ज्ञान होता है उन्होंने आगे कहा कि भारतीय संस्कृति वेदों, पुराणों, ग्रंथों में बताए प्रेरणा प्रसंगों का प्रसार नहीं किया गया, तो भविष्य में इसके गंभीर परिणाम हमारी भावी पीढ़ी को भुगतने प?ंगे। उन्होंने कहा कि विद्वान बनना आसान है। सुजान और महान बनना भी आसान है, लेकिन इंसान बनना कठिन है। श्री राम कथा आदर्श पथ पर चलने की प्रेरणा देती है।

पूर्णाहुति एवं भंडारा आज

कुशली ग्राम कि रामचरित मानस मंच में नव दिवसीय चलने वाले आयोजन की पूर्णाहुति आज वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न होगी इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हो रहा दिव्य रुद्राभिषेक

तेंदूखेड़ा यभाप्र। रुद्र यज्ञ से भगवान शिव की विशेष कृपा भौतिक सुख समृद्धि आध्यात्मिक प्रगति मनुष्यों को प्राप्त होती है ।समस्त ब्याधियों का निवारण और आरोग्यता के साथ दीर्घायु प्राप्त होती है। सभी सूर्यादि नवग्रह पंच लोकपाल सभी दिशाओं के अधिपति दिक्पाल क्षेत्रपाल ,भैरव आदि समस्त देवता भगवान सदाशिव के अधीन रहकर कार्य करते हैं। अत: रुद्रयज्ञ से सभी अरिष्ट फलदायक ग्रहदशाओं का निवारण होता है और सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। अलग अलग कामनाओं की पूर्ति के लिए शिव जी का अनेकों द्रव्यों से अभिषेक किया जाता है।

नटवारा में चल रहा सट्टा-जुआ, बिक रही अवैध शराब

नटवारा,यशभारत। ग्राम नटवारा में चल रहे सट्टा,जुआ व अवैध शराब,बिकने से परेशान गांव की महिलाए अपना दर्द बयां करने शहपुरा थाने पहुंची महिलाओं का कहना है कि गांव में रात दिन से धड़ल्ले से किराना दुकान बस स्टैंड एवं पान के टेंपल एवं घर सेबेची जा रही है और गांव में सट्टा भी जोरों से चल रहा है हम लोग परेशान हैजिससे गांव का माहौल खराब हो रहा है। कई आपराधिक घटनाएं भी घट चुकी है। इसके साथ ही गांव के छोटे बच्चे भी शराब पीने के आदी हो रहे हैं। शहपुरा थाना प्रभारी को दो दर्जन महिलाओं के साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामबाबू सिंह एवं विधायक प्रतिनिधि मोनू जायसवाल ने महिलाओं के साथ थाने पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और शराब बेचने वालों के नाम भी आवेदन में लिखवाए ।

दो दर्जन महिलाएं 4 किलोमीटर पैदल चलकर शहपुरा थाना पहुंची , सौंपा ज्ञापन

महिलाओं का कहना है कि हम लोगों को नल पर पानी लेने के लिए जाते हैं तो वहां शराबी ताने मारते हैं एवं शराब के पव्वा नल के नीचे लगाकर पानी भरते हैं हम लोग बहुत परेशान है पहले भी अनेकों बार शिकायत की मंगर आश्वासन ही हाथ लगता है। थाना प्रभारी ने महिलाओं को आश्वासन दिया कि जल्द ही गांव में शराब बंद की जाएगीआवेदन देने वाले में भगवती बाई ,क्रांति बाई, कविता, राजकुमारी, जानकी बाई, मुन्ना बाई शामिल हैं।

विद्यार्थी बाघा बार्डर और अमृतसर भ्रमण के लिए हुए रवाना

गोटेगांव, यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा संचालित मां तुझे प्रणाम योजना में शा. उ. माध्यमिक विद्यालय खमरिया झंसीघाट से चयनित अभ्यर्थि राहुल दोहैया अपनी जिला टीम के साथ भोपाल से बाघा बार्डर और अमृतसर भ्रमण के लिए रवाना हुए । भारत के शौर्य पराक्रम , इतिहास और देश के वीर सपूतों का दैनिक जीवन का अनुभव इस यात्रा में होगा । यह योजना के देश और अंतर्गत अंतराष्टीय सीमाओ का भ्रमण होता हैं । राहुल दोहैया प्राचार्य और शिक्षक तुलसीराम ठाकुर, नारायण प्रसाद गुप्ता के मार्गदर्शन में तहसील गोटेगांव नरसिंहपुर का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं ।

कैश की किल्लत

जिला सहकारी बैंक के हाल-बेहाल

गोसालपुर, यशभारत। जबलपुर जिले के अंतर्गत सिहोरा तहसील के गोसलपुर नगर मे संचालित जिला सहकारी ग्रामीण बैंक मे काफी लंबे समय से कैश की समस्या से किसानों को भरपूर कैश नहीं मिल पा रहा है स्मरण रहे की इस समय शासन द्वारा स्थापित उपार्जन केंद्रों में किसानों ने अपनी गेहूं की उपज तुलवाई थी जिसका भुगतान किसानों के खाते में पहुंच चुका है जिसे निकलवाने किसान जिला सहकारी बैंक शाखा गोसलपुर के प्रतिदिन अपना खेती का काम छोडकर चक्कर काट रहे हैं और अपना दिन खराब कर मायूस होकर बैरंग लौट रहे है एक दिन में बड़ी मुश्किल से 50 हजार मिलते हैं भरपूर कैश न मिलने से किसानों को परेशान होना पड़ता है जहां एक ओर किसानों के जिला सहकारी बैंक मे खाता खुलवाने के लिए निर्देश दिया जा रहा है परंतु इस बैंक मे जिला सीमित स्टाफ व आवश्यक संसाधनों की कमी इस बैंक के खाता धारियों के लिए बेतहाशा परेशानी का कारण बनी है बिजली बंद होने से शाखा में घुप्प अंधेरा छा जाता है साथ ही आये दिन सर्वर की खराबी के चलते लेन देन में व्यवधान पैदा होता है बैंक परिसर मे ग्राहकों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था तक नही की गई और ना ही किसानों को धूप से बचने की बेहतर व्यवस्था की गई मजबूरी मे किसान ऐसे ही बैंक में घंटों बैठने और लाइन में खड़े होने के लिए मजबूर रहता है।

बालिका से दुष्कर्म के आरोपी को दोहरा आजीवन कारावास

नरसिंहपुर यभाप्र। जिले में तेन्दूखेड़ा थानांतर्गत 6 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म करने के आरोपी को न्यायालय डॉ श्रीमति अंजली पारे विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट गाडरवारा द्वारा विशेष सत्र प्रकरण में 5 वर्ष सश्रम कारावास एवं धारा 5 (आई)/6, व धारा 5 (एम)6 पाक्सो एक्ट में पृथक-पृथक आजीवन कारावास तथा कुल 22,000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। दिनांक 21 अगस्त 2022 को प्रार्थिया ने रिपोर्ट में लेख कराया था कि उसकी 6 वर्षीय बच्ची पड़ोस के घर खेलने गई थी, वापस नहीं आने पर आसपास पता किया गया जिस पर प्रार्थिया द्वारा पड़ोस के घर में जाकर देखा तो बच्ची पलंग पर डली थी पेशाब से खून निकल रहा था। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना तेन्दूखेड़ा में अपराध क्रमांक 362/2021 धारा 363, 366 क, 376 ए,बी भादवि एवं धारा 5 (आई) 6, 5 (एम) 6 पाक्सो एक्ट कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण को जघन्य सनसनीखेज गंभीर अपराध की श्रेणी में चिन्हित कर विवेचना क्रम में आरोपी को दिनांक 27 अगस्त 2021 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण की विवेचना कराकर ठोस भौतिक, परिस्थिजन्य एवं चिकित्सकीय साक्ष्य का संकलन कराई गई। प्रकरण की विवेचना निरीक्षक, श्रंगेश राजपूत थाना प्रभारी तेन्दूखेड़ा तथा शासन की ओर पैरवी पवन अग्रवाल, विशेष लोक अभियोजक, गाडरवारा द्वारा की गई।

बच्चों को अच्छे संस्कार देने की जरूरत

नरसिंहपुर/तेंदूखेड़ा यभाप्र। ग्राम ईश्वरपुर में चल रही श्री सहस्त्र शतचंडी सप्तकुण्डीय महायज्ञ एवं एवं श्रीराम कथा में कथावाचक जगतगुरु चित्रकूट धाम कन्नौज पीठाधीश्वर अतुलेशानंद महाराज ने कहा कि बच्चों को अच्छे संस्कार देने की जरूरत है। आजकल सामाजिक वातावरण और परिवेश बदलता जा रहा है, रहन-सहन के स्तर से लेकर शिक्षा दीक्षा मैं बहुत कमी देखी जा रही है। जिससे बच्चों पर इसका विपरीत असर दिखाई दे रहा है। महाकाव्य रामचरित मानस ग्रंथ की जोरदार शब्दों मे व्याख्या करते हुये बताया कि पहले श्रावण मास में हर घर में नित्य रामायण का पाठ हुआ करता था, लेकिन आज रामायण पढ़ने की बात तो दूर बच्चे हमारे ग्रंथों को सही तरीके से नही जान पा रहे है। रामायण एक ऐसा ग्रंथ है जिसका अध्यन करने और उन बिंदुओं को अपने जीवन मे उतारने से राम राज्य की स्थापना की जा सकती है। परिवारों मे बढ़ती वैमन्सतायें लड़ाई झगड़े दूर हो सकते है। भाई और नारियों के प्रति माता पिता के प्रति मान सम्मान बढ़ सकता है। कथा व्यास ने निषादराज, केवट की कथा का काफी विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि केवट का प्रभु श्री राम के प्रति विशुद्ध प्रेम ही था कि वनवास के दौरान 14 वर्ष की समाप्ति तक गंगा के किनारे बैठकर उनकी वापसी की प्रतीक्षा की।

ब्लाक मंडलम सेक्टर मिलकर तलाशेंगे जीत का मंत्र

सिहोरा , यशभारत। चुनाव प्रबंधन एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यशाला का आयोजन जिला अध्यक्ष डॉ नीलेश जैन द्वारा किया गया। हुआ। ब्लाक अध्यक्ष बिहारी पटेल ने कार्यक्रम का अयोजन किया।कार्यक्रम पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव के मुख्य आतिथ्य में प्रभारी सुनील जैन की अध्यक्षता में अरफा खान, राजकिशोर पटेल,आनंद चौरसिया, पूर्व राज्य मंत्री सुश्री कोशल्या गोटिया, केशव मिश्रा, अमोल चौरसिया,खिलाड़ी सिंह आर्मो,एकता ठाकुर,जमुना मरावी, जितेन्द्र श्रीवास्तव के विशिष्ट अतिथ में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आरफा खान ने समस्त कांग्रेस पदाधिकारियों को बूथ प्रबंधन की बारीकियां विस्तार से बतलाई।आनंद चौरसिया ने वोटर को आकर्षित करने के तरीके कार्यकर्ताओं को बतलाए ।अरुण यादव ने अपने उद्बोधन से कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार किया ।सुनील जैन ने अपने अध्यक्षीय भाषण में सभी को कांग्रेस की जीत के लिए समर्पण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में प्रकाश कुरारिया संदीप व्योहार पवन सोनी राजकुमार पटेल के के दुवे गोपी कृष्ण उर्मलिया मनीष खंपरिया मंसूर मंसूरी दिलीप जैन सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अगर सनराइजर्स हैदराबाद को उमरान मलिक पर भरोसा नहीं तो एक बल्लेबाज ज्यादा रखें : वसीम जाफर

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के पूर्व बल्लेबाज वसीम जाफर ने सनराइजर्स हैदराबाद द्वारा उमरान मलिक के इस्तेमाल पर सवाल उठाया है. उन्होंने कहा कि अगर टीम थिंक टैंक को मलिक की गेंदबाजी क्षमता पर पूरा भरोसा नहीं है, तो टीम में एक बल्लेबाज को शामिल करना बेहतर होगा. मलिक ने सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में केवल दो ओवर फेंके. उन्होंने बिना विकेट लिए 14 रन दिए. तेज गेंदबाज ने अब तक छह मैचों में पांच विकेट चटकाए हैं और अधिकांश मैचों में अपने चार ओवरों का पूरा कोटा नहीं डाला है. दिल्ली कैपिटल्स एक समय 62/5 पर संघर्ष कर रही थी. फिर, अक्षर पटेल और (34) और मनीष पांडे (34) की मदद से डीसी 20 ओवर में 144/9 पर पहुंची।

उमरान मलिक एसआरएच से खेल रहे हैं, लेकिन उन्होंने दिल्ली के खिलाफ मैच में केवल दो ओवर फेंके. उनके बजाय, वे एक बल्लेबाज को मौका दे सकते थे. यदि आप एक गेंदबाज के रूप में उन पर भरोसा नहीं करते हैं, तो एक बल्लेबाज को टीम में लाना बेहतर होगा. जाफर ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा, एक समय दिल्ली का स्कोर 62/5 था, लेकिन हैदराबाद ने उन्हें 144 तक पहुंचने दिया. अगर उन्होंने बेहतर गेंदबाजी की होती, तो चीजें उनके लिए आसान हो सकती थीं. दिल्ली को 144 रन बनाने देना सनराइजर्स की गलती थी. डीसी की ओर से अक्षर, कुलदीप यादव, एनरिक नार्जे और इशांत शर्मा ने शानदार गेंदबाजी की और सनराइजर्स को लगातार तीसरी हार के लिए 137/6 पर रोक दिया. जाफर ने सनराइजर्स की बल्लेबाजी लाइनअप में बदलाव का सुझाव दिया है, ये कहते हुए कि अभिषेक शर्मा को पारी की शुरूआत करनी चाहिए और हैरी ब्रूक को मिडिल ऑर्डर में आना चाहिए. उन्होने कहा, उनके बल्लेबाजी क्रम को देखते हुए, मुझे लगता है कि अभिषेक शर्मा एक सलामी बल्लेबाज के रूप में बेहतर विकल्प हैं. एसआरआच के लिए उनके अधिकांश रन सलामी बल्लेबाज के रूप में आए हैं. वो मध्य क्रम में बल्लेबाजी कर रहे हैं. हैरी ब्रूक चौथे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं. इससे उनके निचले क्रम की बल्लेबाजी मजबूत होगी।

केविन पीटरसन का दावा- ऋषभ पंत का रिप्लेसमेंट भारत के पास तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत को इस साल वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के बाद वनडे फॉर्मेट में एशिया कप और वनडे वर्ल्ड कप जैसे दो बड़े टूर्नामेंट खेलने हैं. विकेटकीपिंग विभाग उसके पास ऋषभ पंत के न होने से चिंता है. चयनकर्ताओं ने टेस्ट चैंपियनशिप के लिए मंगलवार को टीम का ऐलान कर दिया और इस बड़े मुकाबले में टीम इंडिया केएस भरत या फिर केएल राहुल में से किसी एक को विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी सौंपेगी. लेकिन इसके बाद भारत का फोकस वनडे फॉर्मेट पर होगा और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान और पूर्व धाकड़ बल्लेबाज केविन पीटरसन का मानना है टीम इंडिया के पास पंत का रिप्लेसमेंट तैयार है. उन्होंने पंत की जगह लेने के लिए पंजाब किंग्स के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा को हकदार बताया है. पीटरसन ने बेटवे के लिए लिखे अपने ताजा लेख में जितेश शर्मा की जमकर तारीफ की और उन्हें ऋषभ पंत का रिप्लेसमेंट करार दिया. उन्होंने लिखा कि पंजाब किंग्स का युवा विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा विशेष टेलेंट हैं और अगर पंत लंबे समय तक बाहर रहने वाले हैं तो भारत उन्हें चांस देने के बारे में सोच सकता है. 42 वर्षीय पीटरसन ने अपने लेख में लिखा, 'भारत के पास ऋषभ पंत का रिप्लेसमेंट तैयार है. जितेश शर्मा, पंजाब किंग्स के विकेटकीपर बल्लेबाज भी कुछ खास हैं. मुझे लगता है अगर पंत लंबे समय तक बाहर रहने वाले हैं तो जितेश वह खिलाड़ी हैं, जो टीम इंडिया में पंत की जगह ले सकते हैं. मुंबई इंडियन्स के खिलाफ शनिवार को खेली सिर्फ 7 बॉल में उनके 25 रन की उनकी पारी मैच विनिंग पारी थी, जिसमें 4 छक्के शामिल थे.' बता दें जितेश शर्मा की मैच विनिंग पारी की तारीफ पिछले साल 2022 आईपीएल से हो रही है, जब पहली बार उन्हें पंजाब किंग्स के लिए खेलने का मौका मिला था. तब जितेश ने पिछले सीजन बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज आईपीएल में 163.34 के स्ट्राइक रेट से 234 रन बनाए थे. अपने इस लेख में पीटरसन ने इस युवा बल्लेबाज के अलावा अनुभवी बल्लेबाज फाफ डु प्लेसिस, डेविड वॉर्नर और अजिंक्य रहाणे के खेल की भी जमकर तारीफ की. उन्होंने लिखा अनभवी खिलाड़ियों के बारे में हमेशा बहुत बातें होती हैं. लेकिन वे भी अब नई-नई चाल सीख रहे हैं।

ओएफके में स्व. आर एस त्रिपाठी क्रिकेट स्पर्धा : जीएम इलेवन कर शानदार जीत

जबलपुर यशभारत। गत दिवस दूधिया रोशनी में स्व. आर एस त्रिपाठी डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ खमरिया के वेस्ट लैंड ग्राउंड में हुआ।पहले दिन जी एम इलेवन वर्सेस यूनियन एसोसिएशन के बीच मैच हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक कुमार महाप्रबंधक अध्यक्षता अरुण दुबे वरिष्ठ उपाध्यक्ष आई एन डी डब्ल्यू एफ ने की। विशेष अतिथि के रूप में यूनियन/एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ सुरक्षा संस्थानों के इंटक के नेता गणउपस्थित थे। मंच संचालन हृदेश यादव ने किया। स्वागत आईएनडीडबल्यूएफ के संगठन मंत्री आनंद शर्मा ने किया । जीएम इलेवन की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का ऑफ़र यूनियन की टीम को दिया। यूनियन एसोसिएशन की टीम ने 104 रन बनाएं वही जीएम इलेवन ने भी 104 रन बनाकर मैच को रोमांचक स्थिति में ला दिया। टाई होने पर निर्णय सुपर ओवर तक पहुंच गया जहां अंततः जीएम इलेवन ने जीत हासिल की। जीएम इलेवन की ओर से कमांडर चांदा ने शानदार 47 रनों की पारी खेली वहीं यूनियन की टीम की ओर से भूपेंद्र गोटिया 33 रन की पारी खेली मैन ऑफ द मैच राजेन्द्र कुमार को मिला। इस दौरान यूनियन के अमित चौबे राकेश रंजन ,अखिलेश पटेल, अनुपम भौमिक, अनिल गुप्ता, मुकेश विनोदिया, संतोष सिंह, राकेश जैसवाल, रोहित सेठ, मो नसीम, मुकेश कुमार, महेंद्र रजक,धर्मेंद्र रजक आदि उपस्थित थे।

हम अर्जुन तेंदुलकर की रफ्तार बढ़ाने पर काम करेंगे: शेन बॉन्ड

अहमदाबाद, एजेंसी। मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड ने कहा है कि वह अर्जुन तेंदुलकर की गेंदों की गति बढ़ाने पर काम करेंगे जो अभी लगभग 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ अर्जुन तेंदुलकर ने 48 रन लुटाए थे जिसमें उनके एक ओवर में 31 रन बने थे। गुजरात टाइटंस के खिलाफ हालांकि उन्होंने अच्छी वापसी की तथा दो ओवर में नौ रन देकर एक विकेट लिया।

नसीम शाह ने आखिर उर्वशी रौतेला पर तोड़ी चुप्पी

पाकिस्तान के स्पीड स्टार ने कहा, मैं सभी लोगों से प्यार करता हूं..

नई दिल्ली, एजेंसी। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह को एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने बीती 15 फरवरी को अलग अंदाज में बर्थडे विश किया था. इसके जवाब में नसीम ने उन्हें थैंक्यू लिखते हुए हाथ जोड़ने वाला इमोजी बनाई. इसके बाद पाकिस्तान के स्पीड गन और भारतीय मॉडल को लेकर चर्चाओं का बाजार पूरी तरह गरमा गया. अब नसीम शाह ने खुलासा किया है कि उर्वशी रौतेला के इंस्टाग्राम पर किए गए कमेंट का जवाब उन्होंने नहीं, बल्कि किसी और ने दिया था.एशिया कप 2022 में भारत-पाकिस्तान मैच के बाद एक वीडियो खूब छाया रहा, जिसमें नसीम शाह और उर्वशी रौतेला मुस्कुराते हुए दिख रहे थे. तभी से दोनों को लेकर बातें बननी शुरू हो गई. हाल ही में एक इंटरव्यू में उर्वशी के सवाल पर नसीम शाह ने मजाकिया अंदाज में कहा कि अगर मैं मैसेज दूंगा तो आप लोग वायरल कर देंगे. इसके बाद उन्होंने कहा, अगर तैयार है दुल्हन तो मैं शादी कर लूंगा. इस वीडियो के सामने आने के बाद अफवाहों को मानों पर से लग गए. आखिरकार नसीम शाह को उर्वशी रौतेला को लेकर स्थिति साफ करनी पड़ी.'सिर्फ एक चीज पर है फोकस'नसीम शाह से जब एक टॉक शो में पूछा गया कि भारत में होने वाले वनडे वर्ल्ड को लेकर उनकी क्या योजना है तो स्पीड गन ने कहा, मेरा फोकस सिर्फ क्रिकेट पर है. इसके अलावा और कोई प्लान नहीं है. एक और सवाल दागा गया कि क्या उर्वशी रौतेला को देखने की कोई योजना है, इस पर नसीम शाह ने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है7 नसीम शाह ने उर्वशी रौतेला के बधाई संदेश की बाबत कहा कि वह अपना इंस्टाग्राम अकाउंट ज्यादा नहीं देखते हैं. उन्होंने अपने मैनेजर से कहा था कि अगर जन्मदिन की मुबारकबाद मिले तो वह उसका जवाब दे दें. नसीम ने मुस्कुराते हुए कहा, मुझे अंदाजा नहीं था कि मैनेजर किसी को भी थैंक्यू लिखेंगे. नसीम शाह से जब पूछा गया कि वह उर्वशी रौतेला को पसंद करते हैं या नहीं तो उन्होंने कहा, मैं सभी लोगों से प्यार करता हूं. हर कोई इंसान है. हर कोई अच्छा है और मैं सभी इंसानों को पसंद करता हूं, लेकिन मैं पर्सनली कुछ भी नहीं लेता हूं. बता दें कि उर्वशी रौतेला अपनी निजी जिंदगी को लेकर हमेशा चर्चा में रहती हैं. उनका नाम टीम इंडिया के विकेटकीपर बैटर ऋषभ पंत के साथ भी जुड़ चुका है।

रंग संसार

डिंपल कपाड़िया ने कहा जानती थी राजेश खन्ना संग शादी नहीं चलेगी, हमार रिश्ता मजाक था

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार कहे जाने वाले राजेश खन्ना फिल्मों के साथ- साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चा में रहते थे. राजेश खन्ना ने मार्च 1973 में एक्ट्रेस डिंपल कपाडिया से शादी की थी, जो कि काफी चर्चा में रही थी. राजेश खन्ना ने लंबे समय तक एक्ट्रेस अंजू महेंद्रू को डेट किया था और सात साल तक दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में भी रहे लेकिन उनकी शादी नहीं हो सकी और उन्होंने महज 16 साल की डिंपल संग रिश्ता जोड़कर उन्हें अपनी पत्नी बना लिया. हालांकि डिंपन ने अपने एक इंटरव्यू में बताया कि कैसे उन्हें पता था कि उनकी शादी नहीं चलने वाली है. 16 साल की डिंपल ने 32 साल के राजेश खन्ना से शादी की और फिल्मों से दूर हो गई.

हम बातें बेहद कम करते थे

डिंपल ने 1984 में शादी के फिर से कमबैक किया था फिल्म सागर से और इसी दौरान उन्होंने अपनी शादी और राजेश खन्ना संग रिश्ते पर खुलकर बातें की थी. डिंपल ने कमबैक के बाद इंटरव्यू देते हुए डिंपल ने बताया कि आखिर कैसे उन्हें घर के अंदर पैर रखते ही ये एहसास हुआ था कि राजेश खन्ना से शादी का फैसला कितनी बड़ी भूल थी. डिंपल ने इंडिया टुडे को दिए अपने इंटरव्यू में कहा था, 'मैंने उन्हें अच्छी तरह से तब जाना जब शादी को केवल 7 दिन बचे थे. हम चार्टर्ड फ्लाइट से अहमदाबाद किसी शो के लिए जा रहे थे, वो पूरे सफर में मेरे सामने ही बैठे थे लेकिन उन्होंने मुझसे एक शब्द भी बातचीत नहीं की जैसे ही फ्लाइट लैंड करने वाली था, वो मेरी तरफ मुड़े, मेरी आंखों में देखा और कहा कि वो मुझसे शादी करना चाहते हैं.'

घर में घुसते ही पता चला कि शादी नहीं चलेगी

डिंपल ने आगे कहा कि लेकिन चीजें बहुत जल्दी पलट गई. डिंपल ने कहा था, 'जिस दिन मैंने और राजेश ने शादी की उसी दिन से हमारे घर की खुशियां और जिंदगी जैसे खत्म होने लगीं.' डिंपल ने आगे कहा 'मैं अपने करियर में फिल्म बॉबी की अहमियत को समझ ही नहीं पाई क्योंकि तब मैं काफी छोटी थी. लेकिन जिस दिन मैंने राजेश के घर (आशीर्वाद) के अंदर कदम रखा. कहीं न कहीं मुझे ये पता लग गया था कि ये शादी चलने नहीं वाली.' डिंपल ने ये भी कहा था कि शादी के बाद राजेश की लाइफ में जो महिलाएं आई उन्हें लेकर उनको कोई परेशानी नहीं थी, लेकिन चिंता इस बात की थी कि उनका रिलेशनशिप मजाक था।

अरमान मलिक तीसरी बार बने पिता, पहली पत्नी पायल ने जुड़वा बच्चों को दिया जन्म

मुंबई, एजेंसी। जाने-माने यूट्यूबर अरमान मलिक अपनी दोनों पत्नियों पायल मलिक और कृतिका मलिक की प्रेग्नेंसी की एक साथ घोषणा की थी. जहां कृतिका मलिक ने 6 अप्रैल 2023 को अपने पहले बच्चे के रूप में बेटे जैद को जन्म दिया था. वहीं अब यूट्यूबर की पहली पत्नी पायल मलिक भी दूसरी बार मां बन चुकी हैं. अरमान मलिक ने इस गुडन्यूज को फैंस के साथ शेयर किया है. अरमान मलिक ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर हॉस्पिटल से एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें उनका पूरा परिवार नजर आ रहा है. पायल बेड पर लेटी हैं. कृतिका, अरमान और पायल का बड़ा बेटा चिरायु पोज दे रहे हैं. तस्वीर को शेयर करते हुए अरमान ने गुडन्यूज देते हुए लिखा, आखिरकार पायल मां बन गई, गेस करिये? हालांकि उन्होंने अभी तक नहीं बताया कि पायल को लड़का हुआ या लड़की. सके साथ ही उन्होंने फैंस से कहा है कि वे अनुमान लगाए कि उन्हें बेटे हुए हैं या बेटियां.

पायल दूसरी बार बनी मां

अरमान के साथ-साथ पायल मलिक ने भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से कुछ तस्वीरों की एक सीरीज शेयर कर फैंस के साथ बच्चों के जन्म की खबर साझा की. तस्वीरें पायल के मैटरनिटी फोटोशूट की हैं, जिनमें वह पिंक कलर के फ्लोई गाउन में बेहद प्यारी लग रही हैं. इन तस्वीरों के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा है, आखिर वो घड़ी आ ही गई.. मां बनने पर बहुत गर्व महसूस हो रहा है.' इसके साथ ही उन्होंने फैंस से उनके बच्चों (बेटा या बेटी) के बारे में अनुमान लगाने के लिए भी कहा. अग आप तस्वीरों को साफ से देखें तो पता लगता है कि कपल को एक बेटा और एक बेटी का आशीर्वाद मिला है. हालांकि ये तो आने वाले दिनों में ही पता चलेगा कि आखिर इस कपल को क्या हुआ है.

इस दिन होनी थी डिलीवरी

इससे पहले पायल ने बताया था कि उनकी डिलीवरी 1 मई को होनी है, जिसे वह बढ़ाकर 5 मई को करेंगी, क्योंकि उस दिन उनके बड़े बेटे चिरायु का भी बर्थडे है. हालांकि, ऐसा नहीं हुआ. नौवें महीने लगते ही पायल की डिलीवरी हो गई है. अब फैंस को दोनों बच्चों को देखने का बेसब्री से इंतजार है।

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888, 4069889
समदड़िया सिनेमा
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
MORNING SHOW OFFER RS. @ 100/-
VALID WITH PURCHASE OF FOOD COUPONS
Make your movie watching experience more cozy and comfortable with Samdareeya Era Cinemas
As we introduce premium & luxury RECLINERS IN JABALPUR
BHOLA 01:30 PM 11:00 PM
VIRUPAKSHA IN TELEGU 06:15 PM
THE POPE'S EXORCIST 11:30 AM
KISI KA BHAI KISI KI JAAN
09:00 AM 10:00 AM 11:00 AM 12:00 PM 01:00 PM 02:00 PM 03:00 PM 04:00 PM 05:00 PM 06:00 PM 07:00 PM 08:00 PM 09:00 PM 10:00 PM 10:55 PM
OFFER NOT VALID ON THIS MOVIE
EVIL DEAD RISE IN ENGLISH 09:30 AM 04:15 PM 09:00 PM
Call for Booking 9755561144
Online Booking visit bookmyshow
INTRODUCING RECLINER 350/-
SR CINEMA
KISI KA BHAI KISI KI JAAN
10:00 AM 10:45 AM 12:45 PM 01:30 PM
03:30 PM 04:15 PM 06:15 PM 07:00 PM
09:00 PM BOOK NOW 09:45 PM
SR MALL Near SBI Chowk Vijaynagar, Jabalpur (MP)

जब जीनत अमान देश छोड़ने वाली थीं, लेकिन देव आनंद ने रातों रात बना दिया स्टार- ऐसा है किस्सा

मुंबई, एजेसी। बॉलीवुड की वेटरन एक्ट्रेस ज़ीनत अमान ने हाल ही में सोशल मीडिया ज्वाइंन किया है और वो आए दिन अपने सोशल मीडिया पर किसी ना किसी तरह की नई खबर देती रहती हैं. 70-80 के दशक की बोल्ड और खूबसूरत अभिनेत्रियों में गिनी जाने वाली दिग्गज अभिनेत्री जीनत अमान इन दिनों लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं. इंस्टाग्राम पर आए दिन अपनी ग्लैमरस तस्वीरें डालना है. एक्ट्रेस ने देव आनंद संग अपनी फोटो शेयर की है और उनके साथ का जुड़ा अपना अनुभव भी शेयर किया है. चलिए जानते हैं तस्वीरों के जरिए आखिर उन्होंने एक्टर के बारे में क्या बोला?

मेरे स्टारमेकर देव साब थे- जीनत अमान

जीनत अमान ने अपने इस्ट्राग्राम पर हाल ही में एक्टर देव आनंद के साथ एक फोटो शेयर करते हुए एक मैसेज लिखा, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे देव आनंद ने उन्हें हरे रामा हरे कृष्णा में कॉस्ट किया था. जीनत ने नोट में लिखा 'हरे राम हरे कृष्णा के दौरान उन्हें कास्ट किया गया था, लेकिन उस समय उनका परिवार इंडिया छोड़ना चाहता था. एक्ट्रेस ने आइकॉनिक एक्टर को को 'स्टारमेकर' कहते हुए लिखा 'बॉलीवुड जैसी इंडस्ट्री में एंट्री करते समय हर एक्टर एक स्टारमेकर की उम्मीद करता है. कुछ ही हैं जो पोटेंशियल और महत्वाकांक्षा की चमक देखते है जो शायद अब तक केवल खुद को ही दिखाई दे रही थी. बहुत कम लकी हैं जो इस इंसान को पा सके, लेकिन मैं थी. मेरे स्टारमेकर देव साब थे.'

मेरे पाइप में तम्बाकू पैक किया- जीनत

जीनत ने अपने नोट में आगे लिखा है, 'यह 1970 था और मुझे लगता है कि ओ पी रल्हन को मेरे लिए थोड़ी सॉरी फील हो रही थी. उन्होंने मुझे हलचल में थोड़ा सा हिस्सा दिया था, इसका थोड़ा प्रभाव पड़ा था और मैं पहले से ही अपनी मां और सौतेले पिता के साथ माल्टा जाने के लिए अपना बैग पैक कर रही थी. देव साब और उनकी नवकेतन टीम उस समय हरे रामा हरे कृष्ण के लिए कास्टिंग कर रहे थे. ओ.पी. रल्हन ने सुझाव दिया कि वे मुझसे मिलें. मुझे अच्छी तरह से याद है कि मैंने उस दिन क्या पहना था. एक फिट येलो टॉप, एक लाइट कलर की स्कर्ट और येलो फ्रेम के साथ चश्मा. मेरी मां मीटिंग में थी (याद रखें, मैं अभी भी अपनी टीन एज में थी), इसलिए जब मैं बात कर रही थी तो वह आगे बढ़ी और मेरे पाइप में तम्बाकू पैक किया. मीटिंग खत्म हुई और कुछ दिनों बाद लैंडलाइन बज गया, मुझे स्क्रीन टेस्ट के लिए आने के लिए कहा गया और इस तरह मुझे जसबीर / जेनिस के रूप में कास्ट किया गया.'

मेरा परिवार देश छोड़ने के लिए तैयार था जीनत

जीनत ने आगे लिखा, ओह, लेकिन गाथा यहीं खत्म नहीं होती है. मेरा परिवार देश छोड़ने के लिए तैयार था, लेकिन देव साहब ने मेरी मां और मुझे अपने ट्रैवल में देरी करने के लिए मना लिया. इसलिए इसके बजाय हम काठमांडू के लिए रवाना हुए. फेमस सॉल्टी होटल में रुके और इंतजार किया. शूट करने के लिए सेट करने के लिए बुलाए जाने वाले लंबे दिन ! जब मेरे सीन्स के लिए समय आया तब पहला बस सीक्रेंस था।

मध्यप्रदेश शासन

आज़ादी का अमृत महोत्सव

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना

सशक्त महिलाएं समृद्ध मध्यप्रदेश

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



मंगुभाई पटेल, राज्यपाल

शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना महासम्मेलन

27 अप्रैल, 2023 | दोपहर 12:00 बजे

निवास, जिला मंडला

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

वन्य-प्राणी संरक्षण : उभरता परिदृश्य एवं भविष्य की राह

(तीन दिवसीय)

शुभारम्भ

27 अप्रैल, 2023 | अपराह्न 3:00 बजे

कान्हा टाइगर रिजर्व, मंडला

मुख्य अतिथि
मंगुभाई पटेल
राज्यपाल, मध्यप्रदेश

अध्यक्षता
शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

गरिमामयी उपस्थिति

फग्गन सिंह कुलस्ते
केन्द्रीय राज्य मंत्री
इस्पात एवं ग्रामीण विकास, भारत सरकार

कुंवर विजय शाह
मंत्री, वन विभाग
मध्यप्रदेश शासन

बिसाहूलाल सिंह
मंत्री, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं
उपभोक्ता संरक्षण विभाग, मध्यप्रदेश शासन

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में जिले की 1 लाख 80 हजार से अधिक बहनों का पंजीयन पूर्ण

₹ 224 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण

1150 हितग्राहियों को मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार पत्रों का वितरण

D-11017-23

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

महिला एवं बाल विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023